आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 48, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना /धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### दिल्ली से अपहृत बच्ची को ट्रेन से किया बरामद

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-मालदा ट्रेन से राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दिन पहले अपहृत की गई आठ वर्षीय बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। आरपीएफ कर्मियों ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बरामद किया और इस मामले में बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## लखनऊ में नवंबर में आयोजित होगा कृषि भारत मेला

- 200 से ज्यादा एक्जीबिटर्स लेंगे हिस्सा, 1 लाख से अधिक किसान भी जुटेंगे

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है।

मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा एवं किसानों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। एग्रीकल्चर टूरिज्म, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन आदि के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

**विधानसभा चुनाव**

# जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56% से अधिक मतदान



कटरा में एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● एजेंसी

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत वोटिंग

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे चरण में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा 75.29 प्रतिशत मतदान माता वैष्णोदेवी सीट पर हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रतिशत अनुमानित है, क्योंकि हजरतबल और रियासी जैसे कुछ स्थानों पर मतदान अभी जारी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बहस होने जैसी कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

### 16 विदेशी राजदूतों ने किया घाटी का दौरा

दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है। इससे पहले 18 सितंबर को हुए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 80.20 % वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा में 46.99 फीसदी दर्ज की गई थी।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होगी। अदालत ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? अदालत ने कहा कि हालांकि वह इस स्तर पर कोई संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं।

पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए। अगर हमने पाया कि ऐसा नहीं हुआ, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

# देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे। अदालत कक्ष में पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने टिप्पणियों के बारे में 'एक्स' पर आए कुछ संदेशों का उल्लेख किया। सीजेआई ने कहा कि आपने टिप्पणियों की प्रकृति देखी हैं। हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं बुला सकते।

### गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं : सीजेआई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीयता इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# वक्फ विधेयक पर आए 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का यह भी कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है। भाजपा नेता ने इतनी बड़ी संख्या में प्रतिवेदन मिलने को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि इन प्रतिवेदनों के स्रोतों की जांच करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुबे ने कहा कि मेरे विचार से यह महत्वपूर्ण है कि समिति इन चिंताओं पर ध्यान दे।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे।

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

# राहुल गांधी की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह चाहे तो सिटिजनशिप एक्ट के तहत सक्षम प्राधिकारी को शिकायत कर सकता है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिवक्ता निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को बताएं कि क्या याची की शिकायतें सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गई हैं यदि हां, तो शिकायतों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों 'काले' कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कोई कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका पुरजोर विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने एक वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं। आप फिर से बदमाशी तो नहीं करेंगे? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी?

### कंगना ने अपनी टिप्पणी वापस ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

## कई जिलों में बारिश होने की संभावना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से कई राज्यों समेत उप्र. में भारी बारिश हो सकती है। नए विकसित वेदर सिस्टम के चलते गरज चमक के साथ जोरदार बारिश लखनऊ से नोएडा तक देखने को मिलेगी। ऐसे में अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। शुरुआती दो दिन आंधी के साथ बारिश का अनुमान है। इतना ही नहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्चिक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।



अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

## एक नजर

### डाक बीमा महाअभियान में 35 करोड़ का बना रिकार्ड

अयोध्या कार्यालय। कम किश्त अधिक बोनस के स्लोगन के साथ डाक विभाग की ओर से आयोजित डाक जीवन बीमा महाअभियान में 35 करोड़ का बीमा कर मंडलीय कार्यालय ने नया रिकार्ड कायम किया। प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव की अगुवाई में अयोध्या व आंबेडकर नगर जिले में हुए महाअभियान में एक दिन में 62 लाख प्रीमियम जमा करने का भी नया रिकार्ड बना है। इसके लिए प्रवर डाक अधीक्षक ने सभी डाक कर्म कर्मियों को बधाई दी। डाक जीवन बीमा महाअभियान के तहत कर्मचारियों ने अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर बीमा पॉलिसी के बारे में विस्तार बताया और एक दिन में 35 करोड़ का बीमा कर सर्वाधिक 62 लाख प्रीमियम जमा कराने का नया रिकार्ड बनाया। इसमें अकबरपुर प्रधान डाकघर ने 2.53 लाख, उप डाकघर लालबाग के सुरेन्द्र सोनी 1.70लाख, रौनाही की अमित तिवारी 1.58 लाख, टाण्डा के राजेश वर्मा 1.52 लाख, बसखारी के मार्कण्डेय पटेल ने 1.10 लाख, शाखा डाकघरों में जगनपुर के राजेश यादव ने 1.68 लाख प्रीमियम जमा कराने का योगदान दिया।

# दीपोत्सव : राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा के लिए बन रहे सात द्वार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में इस वर्ष होने वाला दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है, जिसमें न केवल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा बल्कि इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए 10 हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा तैयार की जा रही है। इस दर्शन दीर्घा में प्रवेश के लिए सात द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है।

यूपीपीसीएल के द्वारा ओम शिवम लाइट हाउस कंपनी इस दीर्घा और द्वार का निर्माण कर रही है। 300 मीटर लंबे दीर्घा में 10 हजार लोगों के बैठने कि क्षमता होंगी। ओम शिवम लाइट हाउस के सुपरवाइजर रवि कुमार बताते हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था और सेल्फी प्वाइंट को तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही पीछे की तरफ बनाये जा रहे दीवार बनाई जा रही है, जिसमें दीवार के बीच तीन अलग अलग इमरजेंसी द्वार होगा जो अधिक भीड़ होने पर लोगों को बाहर करने के लिए खोला जायेगा। इसके साथ ही तीन और द्वार होंगे जो संपर्क मार्ग से कनेक्ट होगा। इसमें एक द्वार उत्तर और दूसरा दक्षिण दिशा में बन रहा है और बीच में दो द्वार होंगे जिससे एक तरफ से प्रवेश और दूसरे तरफ से निकास का मार्ग होगा। बताया कि अगले 15 दिनों में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।

**दस हजार लोगों के बैठने की होगी क्षमता**



राम की पैड़ी पर चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

**25 लाख दीपों को जलाने के लिए सात हजार स्वयं सेवक लगेंगे**

28 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जाने के लिए 7000 वॉलंटियर को लगाए जायेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि राम की पैड़ी पर दर्शन दीघा का निर्माण किया जा रहा है। 23 करोड रुपए का यह प्रोजेक्ट शासन के द्वारा स्वीकृत हुआ था। अधिक लोग दीपोत्सव देख सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दीपोत्सव के पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



बुधवार को नगर में मार्च निकालते सपा छात्र सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# फीस वृद्धि को लेकर सपा छात्र सभा ने किया मार्च

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : समाजवादी छात्र सभा ने छात्र संघ चुनाव और फीस वृद्धि समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को मार्च निकाल कर गांधी पार्क पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

हाथों में तख्तियां लिए रिकाबगंज हनुमानगढ़ी से निकले छात्र सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए गांधी पार्क पहुंचे। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की हास्टल फीस अत्याधिक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा भाजपा सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव बंद किए जाने से उनके अधिकारों के लिए संघर्ष शून्य हो गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वहीं दूसरी ओर प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, आरक्षण घोटाला और नियुक्तियों में भ्रष्टाचार चरम पर है। ज्ञापन में 69 हजार भर्ती का मामला भी उठाते हुए प्रदेश सरकार को घेरा गया है। छात्र सभा ने कहा है कि भाजपा की दोहरी नीति के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा को पीडीए परिवार से आने वाले छात्र छात्राओं के हाथों में हथकड़ी देख कर अच्छा लगता है। जिलाध्यक्ष शुभम वर्मा ने कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी जाती है तो वृहद स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। शोएब खान, नीरज शर्मा, आशीष यादव, चौधरी आलोक वर्मा, नीरज पाल, मनीष चौधरी, इरफान अली, अमन, आर्यन पटेल, मोहम्मद तारिक, रवि शर्मा, अनुराग वर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भाजपा हटाओ-देश बचाओ यात्रा का सपा सांसद ने किया ऐलान

मिल्कीपुर, अयोध्या।



मिल्कीपुर में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते सांसद।

**सपा सांसद बोले- सीएम जितनी बार मिल्कीपुर आएंगे, उतने पांच हजार वोट कम होंगे**

अमृत विचार : मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नम्बर चौराहे पर बुधवार को निषाद समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद रहे। विशिष्ट अतिथि जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद रहे। अध्यक्षता निषाद समाज के मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष शिव वरदान ने की।

सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि निषाद समाज का समाज में महान योगदान रहा है। स्व: मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को जेल से निकाल कर संसद में भेजा था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में कोहराम मचा रखा है। उत्तर प्रदेश में लूट मची हुई है। मुख्यमंत्री योगी पांच बार मिल्कीपुर आ चुके हैं, लेकिन जनता कहती है कि जितने बार आयेंगे उतने पांच हजार वोट कम हो जायेंगे। भाजपा को इतनी घबराहट है कि अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाए हैं। अजीत प्रसाद पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि आगामी 7 अक्टूबर को खेती बचाओ सांड़ हटाओ, भाजपा हटाओ, देश बचाओ, जन जागरण यात्रा मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के आस्तीकन से शुरु होगी जो सड़कों से लेकर संसद भवन तक चलेगी। कार्यक्रम को सपा के पूर्व प्रत्याशी उतरौला बलरामपुर हबीब खान, सपा नेता अनूप सिंह, रमाशंकर निषाद, पति राम निषाद, रमेश चंद्र निषाद, पृथ्वीराज, रामजी पाल, जगदीश एवं शिव शंकर यादव ने भी संबोधित किया।

# लाखों के जेवर व नकदी के साथ विवाहित फरार

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी के तीन माह बाद ही नव विवाहिता ननद के जेवरात व घर में रखी नकदी लेकर फरार हो गई। मामले की तहरीर पति मो. सद्दाम ने थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह को दी। कलाफरपुर गांव निवासी मो. सद्दाम का निकाह जनपद गोंडा के तरबगंज से शबाना बानो के साथ जुलाई माह में हुआ था। शादी के मात्र तीन माह ही बीते थे कि वह घर में रखे लाखों के जेवरात व 50 हजार रुपये नकदी के साथ साथ फुर्र हो गई। पति सद्दाम ने दी गई तहरीर में बताया परिवार के लोग जब सो गए तो गांव से पहले मोटर साइकिल लेकर खड़े एक अज्ञात युवक के साथ चले जाने की आशंका है। अगले माह बहन की शादी थी उसके जेवरात, अपना जेवर व नकदी लेकर फरार हो गई। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**बीते जुलाई माह में हुआ था तरबगंज से निकाह**

# बोर्ड परीक्षा केन्द्रों के लिए नाइट विजन कैमरे और वॉयस रिकार्डर अनिवार्य

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए केंद्र निर्धारण में मानकों को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ ही नाइट विजन कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर को अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी कॉलेज के पास यह दोनों नहीं है तो उन्हें परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसे लेकर परीक्षा केंद्र के लिए आवेदन करने वाले कालेजों में खलबली मची हुई है।

शिक्षा सत्र 2024-25 जैसे-जैसे समाप्त हो रहा है। वैसे-वैसे जिले में सुचितापूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा को संपन्न कराने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए, माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से विद्यालयों को सभी मानक पूरे करने का निर्देश दिया है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की अनिवार्यता पहले से है, लेकिन अब केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ ही वॉयस रिकॉर्डर भी अनिवार्य किया गया है। इसी के साथ ही विद्यालय के स्ट्रांग रूम में नाइट विजन कैमरा भी अनिवार्य किया गया है। विभाग की वेबसाइट पर विद्यालयों की ओर से दर्ज सुविधाओं का 15 अक्टूबर तक तहसील स्तरीय समिति भौतिक सत्यापन करेंगी। इसके बाद ही अन्य समितियों की ओर से जांच कराई जाएगी। सभी मानक पूरे होने पर ही विद्यालय के परीक्षा केंद्र बनाए जाने का रास्ता साफ होगा। खास बात यह है कि डीएम की अध्यक्षता वाली तहसील स्तरीय समितियां इसका सत्यापन करेंगी। उसके बाद ही परीक्षा केंद्र का निर्धारण किया जाएगा। गत वर्ष बोर्ड द्वारा सीसीटीवी अनिवार्य किया गया था जिसके तहत सभी कालेजों ने सीसीटीवी लगवाए थे। अब नई व्यवस्था में 461 कालेजों में से मात्र आठ कालेजों में ही नाइट विजन कैमरे है जबकि वायस रिकार्डर किसी में भी नहीं है।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सभी दिशा-निर्देश का पालन किया जा रहा है। सभी मानक पूरे होने पर ही किसी कालेज को केन्द्र बनाया जाएगा। शुचिता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। -डॉ. पवन तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक

## सार-संक्षेप



समितियों के साथ बैठक करती नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल।

### पर्व पर सारी व्यवस्थाएं पहले से रहेंगी बेहतर: चेयरमैन

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे रामलीला, नवरात्र, दुर्गा पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को नगर पंचायत प्रशासन ने रामलीला समिति व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल ने राम लीला समिति एवं दुर्गा पूजा समिति को हर स्तर से सहयोग दिए जाने का आश्वासन किया। बताया कि मेले में आए हुए श्रद्धालुओं को कहीं गंदगी का सामना न करना पड़े इसके लिए सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले से बेहतर रहेंगी। अधिशाषी अधिकारी इंद्रभान ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन स्थल तमसा तट और सत्संग घाट की साफ सफाई के लिए कर्मियों को लगा दिया गया है। बैठक में रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय पराग, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नगर अध्यक्ष हेमंत कसौधन, गप्पू बर्नवाल, अवर अभियंता विकास पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### केक काटकर मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस



फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर मौजूद चिकित्सक व फार्मासिस्ट।

अयोध्या। अमृत विचार : जिला चिकित्सालय के रेडक्रॉस में बुधवार को विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार, अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा व फार्मासिस्ट कृपा शंकर चौधरी ने केक काटकर फार्मासिस्ट दिवस को और खास बना दिया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ. नानक शरण , फार्मासिस्ट संजीव गुप्ता, गोरखनाथ वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, चीफ फार्मासिस्ट आर पी सोनी, आरके कनौजिया, पूर्व चीफ फार्मासिस्ट जेपी जायसवाल, आरके सिंह, हनुमत दुबे, विजय वर्मा, संजय गुप्ता, उपेंद्र मणि तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, रामसागर चौधरी, ओमप्रकाश पांडे व अन्य मौजूद रहे।

### अखलाक और मोहब्बत का पैगाम देती है पैगम्बर की जिंदगी

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की पूरी जिंदगी अखलाक व मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देती है। वह पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए। उनके बताए हुए रास्ते को अपना कर समाज में अमन और अखलाक कायम किया जा सकता है। उनकी जिंदगी की नसीहतें हमेशा दूसरों की मदद की तालीम देती हैं। यह बातें मौलाना तौसीफ आलम नदवी ने ग्राम जैसुखपुर मौजा सलारपुर के मस्जिद परिसर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने पड़ोसी के हक के बारे में बार-बार एलान फरमाया और कहा कि अगर आपका पड़ोसी भूखा है तो आप खाना नहीं खा सकते। जब तक आप उसे खाना खिला न दे, वह चाहे जिस धर्म,जाति और मज़हब का मानने वाला ही क्यों न हो। मौलाना कामिल हुसैन नदवी ने कहा कि तालीम हासिल करना हमारी पहली जरूरत है। इस मौके पर हाफिज अशफ़ाक अहमद, हाफिज दिलशाद, मौलाना मोहम्मद अदील खां समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सीएमओ के नेतृत्व में टीम ने की कई सेंटरों की जांच



रुदौली में एक निजी अस्पताल की जांच करते सीएमओ डॉ. संजय जैन।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन के नेतृत्व में बुधवार को निकली टीम ने तहसील क्षेत्र में संचालित बगैर पंजीकृत निजी नर्सिंग होम व पैथोलॉजी सेन्टरों की जांच की। निजी अस्पताल, लैब व अल्ट्रासाउंड केंद्र की भी जांच हुई। जांच के दौरान कई अस्पताल और पैथोलॉजी सेन्टर पंजीकरण प्रमाण पत्र नही दिखा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रुदौली में बिना पंजीयन चल रहे अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर व डिग्री विहीन चिकित्सकों की चार टीमों ने भी अलग अलग जांच की है। जांच टीम की रिपोर्ट मिलने पर नोटिस जारी की जाएगी और अवैध अस्पतालों और केंद्र संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल भी मौजूद रहे।

### अनिश्चितकालीन धरना करने का ऐलान

अयोध्या। अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी में सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा से मिलकर श्री राम सेना अयोध्या कि तरफ से ज्ञापन दिया गया। श्री राम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या में कार्यरत रहे स्व. प्रभु नाथ मिश्रा पुत्र जगदीश चंद्र मिश्रा अयोध्या की जांच रेजीडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या द्वारा की जा रही है। डाक एवं मौखिक शपथ पत्र द्वारा शिकायतकर्ताओं को प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र द्वारा बुलाकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है एवं दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य के उत्पीड़न से ही प्रभु नाथ मिश्रा ने खुदकुशी कर ली थी आगे कोई और घटना ना हो इसके लिए यदि पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिलता है एवं प्रधानाचार्य पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन धरना दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के सामने दिया जाएगा।

### विधायक ने लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

पूरा बाजार, अयोध्या। भाजपा द्वारा चलाए गए विशेष सदस्यता अभियान में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा मंडल पूरा के रसूलाबाद में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लोगों को भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों के बारे में बताया। अरुण कुमार त्रिपाठी, दीपक सिंह गब्बर, वरुण चौधरी, राजेश पाठक, मुन्ना दुबे, राघवेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। इसी तरह अंकवारा में अमल गुप्ता, नरायनपुर में मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, मोहशिमपुर में जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल और कछौली में लक्ष्मी सिंह ने विशेष सदस्यता अभियान चलाया।



कार्यक्रम में सम्मानित की गईं मेधावी बालिकाएं और पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव व मौजूद लोग। अमृत विचार

# राजनीति के जिस मुकाम पर हूं पिता व माता के संघर्षों की देन : आनंद सेन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बाबूजी स्वर्गीय मित्रसेन यादव के संघर्षों में मां श्यामकली का अहम योगदान रहा है। राजनीति के कठिन दौर में भी माताजी ने हमेशा बाबूजी का साथ दिया था। आज राजनीति के जिस मुकाम पर सेन परिवार है वह हमारे पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव व माता श्याम कली के संघर्षों की देन है।

यह बातें पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने श्याम कली बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित मां श्यामकली की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। पूर्व मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बाबू जी व माताजी ने कभी भी राजनीतिक कठिनाइयों के दौर में पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस अवसर पर कॉलेज की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अव्वल अंक पाने वाली बालिकाओं और उनके अभिभावकों को भी पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, प्रधानाचार्या इन्दू सेन यादव व ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य साहब लाल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव, पूर्व प्रधानाचार्य रामचरण यादव, सपा नेता आनंद सिंह मिंटू, अखिलेश सिंह बब्बू सिंह, उद्धव प्रताप, बंसराज यादव, राम निहाल यादव, प्रधानाचार्य रामकृपाल आदि मौजूद रहे।

**इन मेधावियों को किया गया सम्मानित**

श्याम काली बालिका इंटर कॉलेज की जिन मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया उसमें हाई स्कूल की सेजल, शिखा, खुशबू व इंटरमीडिएट की खुशबू, स्वाति पांडे व नेहा शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के पूर्व प्रधानाचार्य रामचरण यादव व संचालन धर्मपाल यादव ने किया।

# अमावा मंदिर : तिरुपति के कारीगर तैयार करते हैं लड्डू प्रसादम

अयोध्या, अमृत विचार: राम मंदिर के निकट अमवा मंदिर में भी तिरुपति के कुशल कारीगरों के लड्डू प्रसादम को तैयार किया जाता है। जहां लड्डू को बनाए जाने के साथ राम भक्तों तक पहुंचाने तक का कार्य तिरुपति से आये लोग करते है। मंदिर के व्यवस्थापक पंकज कुमार बताते हैं कि यहां पर बड़े स्वच्छता और पवित्रता के साथ लड्डू को तैयार किया जाता है और इसमें मिलाए जाने वाला खाद्य पदार्थ भी उच्च कोटि के होते हैं। प्रसाद में घी भी अच्छे क्वालिटी के मंगाए जाते हैं। तिरुपति कारीगर सुरेश ने बताया कि लड्डू को तैयार करने के लिए पहले ही सुबह स्नान ध्यान के बाद पूजन किया जाता है और फिर शरीर पर कम वस्त्र में इस कार्य को करते हैं जिससे भक्तों तक पहुंचने वाला यह प्रसाद बिल्कुल पवित्र रहे।

# बाजार से मंगाकर मंदिरों में भोग लगाने की परंपरा हो बंद : संत

अयोध्या कार्यालय

**मंदिरों के रसोई में ही भोग प्रसाद बनाने की है परम्परा : महंत राघवाचार्य**

अमृत विचार : तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाए जाने के मामले पर संतों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। संतों की बैठक के दौरान यह तय हुआ कि मंदिरों के गर्भगृह में लगने वाले भोग प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता के लिए मंदिर के ही रसोई में प्रसाद तैयार किया जाये। बाहर से आने वाले प्रसाद से भोग नहीं लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसको लेकर जल्द ही अयोध्या के सभी साधु-संतों के साथ बड़ी बैठक में सभी से सहमति ली जाएगी।

बड़ा भक्तमाल में बुधवार को संत श्री तुलसीदास रामलीला न्यास की बैठक में संतों ने मठ-मंदिरों के व्यवस्थापकों से अपील किया कि बाजार का भोग प्रसाद प्रभु को कतई अर्पित न करें। सभी गो पालन करें और गोदुग्ध से निर्मित प्रसाद ही अर्पित करें। बैठक में संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। जगद्गुरु डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि मठ-मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। अपने-अपने आश्रम में गो पालन करें। बाजार से मंगाकर भोग लगाने की परंपरा बंद होनी चाहिए। जिन लोगों ने चर्बी युक्त लड्डू प्रसाद खाए हैं आचार्यों-गुरुजनों से पूछकर उसके लिए प्रायश्चित के उपाय करना चाहिए। महंत अवधेश दास ने कहा कि अच्छा हुआ तिरुपति से जो लड्डू आया था, उसका भोग रामलला को नहीं लगाया गया था। आज जो भी मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं उनकी सुचिता बची नहीं रह पा रही है। सरकार ऐसा कानून बनाए, ताकि लोग मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ न कर सकें। इस दौरान महंत जन्मेजय शरण, नागा रामलखन दास, पुजारी हेमंत दास, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएम सूर्य घर के लिए लिया जाए सीएससी अधिकारियों का सहयोग

अयोध्या कार्यालय

**मंडलायुक्त ने कार्यों की प्रगति सुधार लाने के दिये निर्देश**

अमृत विचार: मंडलायुक्त गौरव दयाल ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए कॉमन सर्विस सेंटर और ग्राम स्तरीय अधिकारियों का सहयोग लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ प्रगति में और सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व कार्यों की भी समीक्षा की।

आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से की गई। उन्होंने हर घर जल योजना में जल जीवन मिशन के तहत कार्य की टेस्टिंग के बाद सभी खोदी गई सड़कों/गलियों का मरम्मत कर उन्हें पूर्व की स्थिति लाने का निर्देश दिया। पानी की सप्लाई की जांच के लिए बनाए गए कन्ट्रोल रूम के माध्यम से पानी सप्लाई की निगरानी की जाए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा में कहा कि प्राथमिक शिक्षा में क्वालिटी एजुकेशन के लिए निपुण असेसमेंट टेस्ट, जो दिसंबर में प्रस्तावित है, के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अभी से प्रयास किए जाएं, जिससे कि सभी बच्चों को निपुण बनाया जा सकें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही विभिन्न प्रकार की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग के कार्यों को तय समय और गुणवत्ता केसाथ करने के लिए कहा।

उन्होंने पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण सहित अन्य योजनाओं का गहन समीक्षा कर निर्देश दिया। बैठक में बिन्दुवार विवरण संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने प्रस्तुत किया। बैठक में जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह, जिलाधिकारी अमेठी सुश्री निशा अनन्त, बाराबंकी सत्येंद्र कुमार, सुल्तानपुर कृत्तिका ज्योत्सना, अम्बेडकरनगर अविनाश सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत, सीडीओ अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## स्वच्छता अभियान के तहत हुई चित्रकला प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत जिला गंगा समिति, वन प्रभाग के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने नदी, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं जल संरक्षण जलीय जीव संरक्षण, प्लास्टिक प्रतिबन्ध एवं प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी, स्वच्छ भारत अभियान सम्बन्धी चित्रकला बनाई। प्रधानाचार्य ओंकार नाथ, जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू, नीरज साहू, आशा त्रिवेदी, अमित चौधरी, वरुण त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# पिता और पुत्र को कोर्ट ने किया दोष मुक्त

अयोध्या। विवेचक और कोर्ट में दिए गए पीड़िता के बयान में भयंकर विरोधाभास के चलते कोर्ट ने आरोपी पुत्र को अपहरण दुष्कर्म और पाक्सो तथा उसके पिता को धमकी देने के आरोप से दोष मुक्त कर दिया। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से हुआ। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 5 मार्च 2019 की है।

महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप किशोरी के पिता ने गांव के ही गौतम कुमार पर लगाते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी गौतम के पिता इंद्र बहादुर पर आरोप था कि उसने किशोरी को जान से मार डालने की धमकी दी। किशोरी ने कोर्ट में बयान दिया कि मैं नाराज होकर घर से चली गई थी। रात भर बस स्टेशन फैजाबाद पर बैठी रही और वहां से घर चली आई, जबकि विवेचक को दिए गए बयान में उसने बताया था कि गौतम मुझे अपने साथ लेकर चला गया था और शारीरिक संबंध बनाया। जबकि पीड़िता के पिता ने विवेचक को दिए गए बयान और कोर्ट में दिए गए बयान दोनों में अपहरण करके पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को बताया लेकिन पीड़िता के बयानों में विरोधाभास होने के चलते कोर्ट ने पिता पुत्र को दोषमुक्त कर दिया।

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में हल्की वर्षा होने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान



**आज के कार्यक्रम**

- डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में टेबल टेनिस बालक व बालिका, हैंडबॉल प्रतियोगिता प्रात: 11:00 बजे।
- समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर अपराह्न 01:00 बजे से।
- जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक संकुल की बैठक अपराह्न 02:00 बजे से।
- पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा की आक्रोशित रैली बीएसए कार्यालय से गांधी पार्क तक दोपहर 03:00 बजे से।
- नगर निगम, दुर्गा पूजा, रामलीला समन्वय समिति के साथ सर्किट हाउस सभागार में बैठक दोपहर 03:00 बजे से ।

**एक नजर**

### 28 को आएंगे राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी 28 सितंबर को अयोध्या भ्रमण पर आएंगे। वह जिला अस्पताल, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पोषण पुनर्वास केंद्र, वन स्टॉप सेंटर व आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ महाराजगंज थाना क्षेत्र में घटित घटना का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। ढाई बजे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

# शहरवासियों को नए रूट पर जल्द मिलेगी ई-बसों की सुविधा

**25** ई-बसें

**31** लाख प्रतिमाह की आमदनी, प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन

## एयरपोर्ट रूट पर नहीं होगा घाटा, पार्किंग एरिया में प्रवेश करेंगी ई-बसें

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या में चल रही ई-बसों का प्रदर्शन प्रदेश के कई अन्य जिलों से बेहतर है। 25 ई-बस से महीने में औसतन 31.48 लाख रुपये की आमदनी है। उत्साहित विभाग अब शहर में अन्य रूटों पर बसों के संचालन की तैयारी में है। इसका सर्वे कराया जा रहा है। शहरियों को अन्य मार्गों पर बहुत जल्द ई-बसों की सुविधा मिलेगी।

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम था। इसके पहले 14 जनवरी को शहर में 40 ई-बसों की खेप सड़क उतारी गई। कई रूटों पर इसका संचालन किया गया, लेकिन कुछ दिन बाद इनको केवल नया घाट से सहादतगंज के 13 किमी के रूट पर केंद्रित कर दिया गया, लेकिन इस एक रूट के बदौलत ही शहर में चलने वाली ई-बसों ने प्रदेश में अपना मुकाम बना लिया। जुलाई के एक माह के आंकड़े बता रहे हैं कि यहां के ई-बसों का संचालन कई अन्य जिलों से बेहतर है। कम किमी के संचालन पर ज्यादा मुनाफे की स्थिति बताई गई है।

**40**

ई-बसें प्राण प्रतिष्ठा के समय रामनगरी में उतारी गई थीं



बस अड्डे पर खड़ी ई-बसें (फाइल फोटो)

### अयोध्या की आय 21.97 रुपये प्रति किमी

जुलाई में 40 में से 25 बसें ऑनरूट, कुल 1.43 लाख किमी का संचालन, 63 का लोड फैक्टर, 21.97 रुपये प्रति किमी की इनकम। इससे ऊपर का आंकड़ा प्रदेश में संचालित कुछ जिलों के ई-बसों से ही बताया गया।

### मुरादाबाद, प्रयागराज, झांसी, अलीगढ़ जैसे जिलों को छोड़ा पीछे

प्रदेश के 15 जिलों आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर और वाराणसी में ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। शाहजहांपुर, गाजियाबाद, मेरठ और मथुरा का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। आंकड़े बताते हैं कि अयोध्या ने झांसी, अलीगढ़, मुरादाबाद, प्रयागराज जैसे कई बड़े जिलों को संचालन में पीछे छोड़ दिया। नए रूट पर इनकम बढ़ी तो सुविधा और प्रदर्शन दोनों बढ़ेगा।



### नए रूटों का किया जा रहा सर्वे

ई-बसों के लिए राम पथ के अलावा अन्य रूटों का सर्वे शुरू किया गया। ऐसे रूटों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन पर यात्रियों का आवागमन ज्यादा हो। इन रूटों पर ई-बसों की सुविधा शुरू की जाएगी।

### कैसे किया जाता है आमदनी का आकलन

कम बसों से ज्यादा किमी के संचालन पर लाभ कि स्थिति होती है लेकिन ज्यादा बसों के संचालन से किमी के संचालन पर आय कम हो जाती है। उदाहण के लिए शाहजहांपुर में 25 में से 18 बसें सड़क पर दौड़ीं। 22.53 लाख की आमदनी हुई, लेकिन प्रति किमी की इनकम 30.77 रुपये बनी, जबकि वाराणसी में 50 में से 38 बसें चलीं। 52.75 लाख रुपये की आमदनी हुई, लेकिन प्रति किमी आय 21.74 रुपये रह गई।

### प्रदेश के अन्य जिलों में ई-बसों की आय एक नजर में

| जिला | कुल आय (लाख रुपये में) | प्रति किमी आय (रुपये में) |
|---|---|---|
| आगरा | 88.85 | 23.48 |
| अलीगढ़ | 19.98 | 14.91 |
| अयोध्या | 31.48 | 21.97 |
| बरेली | 31.08 | 24.33 |
| गाजियाबाद | 57.27 | 27.07 |
| गोरखपुर | 41.03 | 24.93 |
| झांसी | 13.61 | 13.32 |
| कानपुर | 88.26 | 21.40 |
| लखनऊ | 71.33 | 20.93 |
| मथुरा | 61.63 | 25.52 |
| मेरठ | 51.13 | 25.33 |
| मुरादाबाद | 21.27 | 16.41 |
| प्रयागराज | 52.01 | 19.77 |
| शाहजहांपुर | 22.53 | 30.77 |
| वाराणसी | 52.75 | 21.74 |

### रामपथ पर यातायात बाधित न रहता तो बढ़ जाती आय

वाहनों के खड़े रहने से राम पथ पर यातायात बाधित रहता है। बसों के फेरे में देर होती है। इससे आय प्रभावित हो रही। यातायात ठीक रहा तो आय और बढ़ जाती।



### एयरपोर्ट के अफसरों से की जाएगी बात

एयरपोर्ट से ई-बसों का संचालन बेहतर किया जाएगा। अभी बसें बाहर खड़ी रहती हैं। निगम के अफसर एयरपोर्ट के अंदर पार्किंग तक ले जाने के लिए अफसरों से बात करेंगे।

"ई-बसों से होने वाली आय प्रदेश के कई अन्य जिलों से बेहतर हैं। इसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अफसरों से बात करके बसों को पार्किंग एरिया तक भेजा जाएगा। शहर के कुछ अन्य रूटों का सर्वे कराया जा रहा है, जिन मार्गों पर यात्रियों की संभावना ज्यादा होगी। उन पर संचालन किया जाएगा। - **विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधन परिवहन निगम, अयोध्या परिक्षेत्र**"

# होटल-ढाबे और रेस्टोरेंट में लगेंगे डिस्प्ले बोर्ड व सीसीटीवी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से जारी किया गया आदेश**

**अमृत विचार :** जिले के सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा व होटलों में अनिवार्य रूप से संचालन के साथ निर्देशों के कड़ाई से पालन के लिए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मानिक चन्द्र की ओर से आदेश जारी किया गया है।

बुधवार को जारी आदेश के अनुसार समस्त होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया है कि ढाबे, होटल, रेस्टोरेंट के संचालक, प्रोपराइटर व मैनेजर आदि का नाम व पता अनिवार्य रूप से रिसेप्शन काउंटर पर डिस्प्ले कराएं। प्रतिष्ठानों में ग्राहकों के बैठने के स्थान पर सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए व प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों तथा किचन में भी लगाये जाएं और रिकार्डिंग को अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रखा जाएं। खानपान के स्थानों तथा सर्विस के समय सभी फूड हैन्डलर सेफ (बावर्ची) एवं अन्य संलग्न कर्मचारी को मास्क तथा ग्लब्स अनिवार्य रूप से पहनना होगा। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सात दिन के अन्दर सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट प्रतिष्ठान निर्देशों का भली भांति पालन करें। यदि निरीक्षण में किसी प्रतिष्ठान होटल, ढाबे में निर्देश का पालन नही होता है तो उसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### यात्री शेड में खुली पान-मसाल की दुकानें



**अयोध्या।** सहादतगंज से नया घाट तक बने रामपथ पर इस खूबसूरत यात्री शेड का गजब का प्रयोग हो रहा है। इन स्टैंडों पर कुछ लोगों ने पान मसाला आदि की दुकानें तक खोल ली हैं। धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। यह हाल तब है जब अभी हाल में नगर निगम ने रामपथ से अतिक्रमण हटाया था, लेकिन शायद यह नजर नहीं आया। खुलेआम दबंग पानी और मसाले की दुकान खोल कर बैठ गए हैं। दिन भर यहां बिक्री करते हैं। शाम को समेट कर चल देते हैं। यात्री शेड का यह अभिनव प्रयोग अयोध्या में ही संभव है। ● प्रशांत शेखर

# कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने घेरा विद्युत उपकेन्द्र

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत खंडासा फीडर की चरमराईआपूर्ति को लेकर आक्रोशित उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र कुमारगंज का घेराव किया और बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा काटा।

परेशान विद्युत उपभोक्ताओं के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्य समिति सदस्य संजय तिवारी व जिला उपाध्यक्ष अमरीश पांडेय भी पहुंचे। कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र से संबद्ध खंडासा फीडर के उपभोक्ताओं को विगत तीन माह से सरकार की ओर से घोषित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है, जिसको लेकर कई गांव के विद्युत उपभोक्ता बुधवार को उपकेंद्र पहुंचे और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों की आवाज बुलंद की। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी जिन्हें सीयूजी मोबाइल नंबर मिला हुआ है, वह कभी कॉल रिसीव नहीं करते और फीडर पर तैनात लाइनमैन शाम होते ही अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। घंटों नारेबाजी और प्रदर्शन होने के बाद अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन भी अधिशासी अभियंता को सौंपा। इस मौके पर पूर्व प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह, विजय कुमार उपाध्याय अग्गू, प्रधान तुलसीराम यादव, राजू कनौजिया, राजेश कुमार सिंह श्रवण कुमार पाठक, नमो शंकर पांडे, विनीत कुमार सिंह, संजीव सिंह, अमर सिंह, दल बहादुर सिंह, भैरवनाथ तिवारी, रघुवीर यादव, अवधेश सिंह, अमित पाठक, मोहित यादव, उमाशंकर पांडे, जगराम यादव, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



कुमारगंज विद्युत उप केन्द्र पर धरना देते उपभोक्ता। अमृत विचार

▸▸ **अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी और हंगामा**

# दुष्कर्म में चचेरे भाई को मिली 20 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अदालत से**

**अमृत विचार:** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 10 वर्षीय किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने चचेरे भाई को दोषी पाते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है और 30 हजार का अर्थ दंड भी हुआ। जुर्माने की समस्त धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का भी आदेश हुआ है। आरोपी को जेल भेज दिया। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से मंगलवार को हुआ।

विशेष लोक अभियोजक विनोद उपाध्याय ने बताया कि घटना 25 अगस्त 2022 की है। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10 वर्षीय किशोरी स्कूल जा रही थी। रास्ते में उसका चचेरा भाई फग्गू लाल मिला और उसने स्कूल पहुंचाने के लिए किशोरी को अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। फिर उसे स्कूल नहीं ले गया। बाराबंकी ले जाकर वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने दोनों को बरामद किया। मामले में रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फग्गू लाल को अपहरण, दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए सजा दी।

## सार-संक्षेप

### विकसित भारत निर्माण में अभियान की भूमिका महत्वपूर्ण

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को देर शाम विकास खंड पूरा के मोहर्रमपुर अरती गांव में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने चौपाल लगाकर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता अभियान विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाएं। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सिर्फ पार्टी को मजबूत करने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह अभियान राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, तो पार्टी के विचार और नीतियों को जन-जन तक पहुँचाया जा सकेगा। शक्ति केंद्र प्रमुख महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना दुबे, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार निषाद, राम अनुज निषाद, राजेश निषाद,फुला निषाद, तेजपति निषाद, राम किशोर निषाद, किस्मत निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### चोरी और दहेज के 4 आरोपी भेजे गए जेल

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** चोरों के आतंक को लेकर हो रही सत्ती चौरा चौकी पुलिस की किरकिरी पर विराम लगाते हुए बुधवार को रौनाही पुलिस ने दो चोरी और दो दहेज अधिनियम के आरोपियों सहित चार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह के मुताबिक चौकी क्षेत्र से जुड़ी चोरी की घटनाओं में शामिल मुकेश कुमार कोरी निवासी बरई खुर्द और राजेश सोनी निवासी मुहम्मदपुर महोली को चोरी के आरोप में तो पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज अधिनियम में आरोपी सगे भाई श्यामू निषाद और रामू निषाद निवासी गुजाजी पुरवा थाना रौनाही अयोध्या को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। चोरी के दोनों आरोपियों का एक आपराधिक इतिहास है। आरोपी राजेश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 7 केस तो मुकेश पर 5 केस पहले से पंजीकृत है। दहेज आरोपी रामू निषाद पर बिजली चोरी का भी केस दर्ज है।

### नहीं थम रहा अवैध खनन, थाने के सामने से जाती है ट्रॉलियां



तारुन थाने के सामने से मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली जाती हुई।

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अवैध खनन का खेल बदस्तूर जारी है। इसे रोकने में स्थानीय पुलिस तथा खनन विभाग फेल है। शिकायत होने पर भी पुलिस और खनन विभाग एक दूसरे की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। मंगलवार की रात थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर तारुन हैदरगंज मार्ग के पश्चिमी किनारे चारागाह की खाली पड़ी सरकारी जमीन पर जेसीबी द्वारा खनन कर माफिया कई ट्रॉली मिट्टी ले जाने में सफल रहे। स्थिति यह है कि मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियां थाने के सामने से ही गुजर जाती हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खनन अधिकारी से मोबाइल पर की तो अधिकारी ने अपने अधीनस्थ इंस्पेक्टर चंद्रशेखर पाठक को जांच के लिए भेजने को कहा। खनन अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। बहुत जल्दी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने कहा कि यह मामला खनन विभाग से संबंधित है। तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि चारागाह पर खनन हुआ है तो जांच करवाता हूं।

### अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**अयोध्या। अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद का 32 वें स्थापना दिवस पखवाड़ा माह के तहत जिला सहकारी बैंक परिसर में कार्यक्म का आयोजन किया गया। अधिवक्ता परिषद के अवध प्रांत के अध्यक्ष अरविंद कौल ने कहा कि राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े लोगों का यह संगठन है। परिषद की स्थापना की 25 जून 1975 में महसूस की गई ।जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने देश में इमरजेंसी लगाकर लोगों को जेल में डाल दिया था। उनको न्याय मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी । यह एक ऐसा संगठन जो राष्ट्र निर्माण में और राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ,अजय प्रताप सिंह ,अनीता पाठक, पूर्व अध्यक्ष अरुण प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री सतीश देवरस, राधा रमन सिंह, अनीता पाठक, वर्षा मौर्य सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अपर जिला जज ने किया जेल का निरीक्षण

**अयोध्या। अमृत विचार :** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने जमानत शुदा बंदियों की रिहाई के लिए पत्र भेजने का निर्देश दिया। अपर जिला जज ने जेल में निरुद्ध सभी बन्दियों के बारे में जानकारी ली। जेल में 794 बंदी निरुद्ध बताए गए। साफ-सफाई ठीक मिली। उन्होंने नाश्ते और भोजन के बारें में जानकारी ली। अपर जिला जज ने जिला कारागार के अधीक्षक को निर्देश दिया कि बंदियों के बौद्धिक विकास के लिए उनको मोटिवेट किया जाए। ऐसे बंदी जिनकी न्यायालय से जमानत हो चुकी है लेकिन जिला कारागार से रिहा नहीं हो पाए हैं, उनकी रिहाई के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाए। जेलर जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अध्ययनरत बंदियों के लिए दो सरकारी अध्यापक की व्यवस्था की गई है जो विषयानुसार शिक्षा देते हैं। जो बंदी निरक्षर हैं उन्हें साक्षर किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## रानी लक्ष्मीबाई और लक्ष्मण पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**अयोध्या।** उप्र खेल निदेशालय के निर्देश के अनुपालन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के आधार पर वर्ष 2023-24 के लिए सामान्य खिलाड़ियों, दिव्यांग खिलाड़ियों तथा वेटरन वर्ग में भी लक्ष्मण पुरस्कार व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए पात्रता रखने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दो प्रतियों में 30 सितंबर तक खेलसाथीडॉटइन पर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से क्षेत्रीय कीड़ा कार्यालय डॉ. भीमराव आम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय कीड़ा संकुल में आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑफ लाइन आवेदन फार्म क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय से कार्य दिवस में आवेदक प्राप्त कर सकते हैं।

# दीपोत्सव पर मिलेगी एक और फोरलेन की सौगात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने में जुटी योगी सरकार नगरवासियों को यातायात के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात देने वाली है। इस वर्ष अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव से पहले शहर के नाका चुंगी से रायबरेली मार्ग ओवरब्रिज तक फोरलेन सड़क की सौगात प्रदेश सरकार देने जा रही है। इस मार्ग के बन जाने के बाद नाका क्षेत्र में लगने वाले जाम से नगरवासियों को राहत मिल जाएगी।

नगर क्षेत्र में नाका चुंगी से मंडी गेट मार्ग तक हर समय जाम लगा रहता है। ऐसे में आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। हाईवे के निकट होने के कारण शहर आने वाले लोगों को नाका होकर आना पड़ता है। एयरपोर्ट होने के कारण देश-विदेश से आने वाले लोग शहर में जाने के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। देश के अन्य प्रांतों व अन्य देशों से अयोध्या आने वाले लोगों के साथ नगरवासियों को जाम से राहत देने के लिए अयोध्या नगर में नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग 750 मीटर फोर लेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।



अयोध्या-रायबरेली बाईपास से नाका चुंगी मार्ग। अमृत विचार

▸▸ **नाका चुंगी से रायबरेली ओवर ब्रिज तक जाम से मिलेगी मुक्ति**

▸▸ **परियोजना पर खर्च हुए हैं 17.64 करोड़**

### 85 फीसदी कार्य हो चुका है पूरा

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता शशि भूषण सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण पर 17.64 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। हमारी पूरी कोशिश है कि दीपोत्सव तक यह सड़क बनकर तैयार हो जाए। बनाई जा रही रोड के दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर का पाथवे व बीच में डिवाइडर भी बनाया जाएगा। अब तक लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

### पहली बार बिना मकान तोड़े बनाया गया है मार्ग

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार नगर में ऐसा कोई फोरलेन बना है, जिसमें किसी का मकान आड़े नहीं आया। इस फोरलेन मार्ग का निर्माण सितंबर 2023 में शुरू हुआ था। इसके फुटपाथ स्टैंप कंक्रीट वाले होंगे। फुटपाथ पर ऐसा प्रयोग अयोध्या धाम में ही अभी हुआ है।

## सामान्य निकाय के लिए नामांकन आज

**अयोध्या।** सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। सामान्य निकाय के गठन के लिए नामांकन गुरुवार को सुबह 10 से पांच बजे तक होगा। जिले में तीन सहकारी गन्ना समितियां हैं। गनौली, मसौधा और फैजाबाद। इन तीनों में बुधवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। फैजाबाद गन्ना समिति के सचिव अशोक वर्मा के मुताबिक समिति में कुल 41385 मतदाता हैं। मसौधा के सचिव तुलसीराम ने बताया कि समिति में मतदाताओं की संख्या 68348 है। गनौसी समिति के सचिव अनिल कुमार के मुताबिक समिति में 43143 है।

**तैयारी** फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए किया ऐलान, लाइव प्रसारण भी होगा

# पहली बार प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे पात्रों का किरदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने इसका ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है। अयोध्या की धरती पर मर्यादित रामलीला का मंचन किया जाना चाहिए। वहीं महंत राघवाचार्य ने कहा कि प्रभु राम की लीला सनातन धर्म और हिंदुओं की परंपरा संस्कृति से अनुसार किया जाना चाहिए है। इस दौरान निवाड़ी अनी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत जन्मेजय शरण, पुजारी हेमंत दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, राम लखन दास नागा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



रामलीला को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। अमृत विचार

### संतों की चेतावनी मर्यादा में हो रामलीला

अयोध्या में फिल्मी सितारों की रामलीला के मंचन को लेकर अयोध्या के साधु-संतों में नाराजगी है। संतों का आरोप है कि किरदार निभाने वाले कलाकारों के मन में किसी प्रकार का भाव नहीं दिखाई देता। हालांकि इस रामलीला के आयोजन को लेकर विरोध नहीं कर रहे, लेकिन लीला का मंचन मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। वहीं संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने चेतावनी भी दी है कि आमर्यादित रामलीला का मंचन किया गया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

### कार्यक्रम

- 30 सितंबर को नारद मोह, रावण जन्म
- 1 अक्टूबर को श्री राम जन्म, मुनि आगमन
- 2 अक्टूबर को फुलवारी लीला, नगर दर्शन
- 3 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद
- 4 अक्टूबर को सीताराम विवाह महोत्सव, श्री राम कलेवा
- 5 अक्टूबर को कैकेई कोप भवन, वन गमन लीला
- 6 अक्टूबर को निषाद मिलन, दशरथ मरण, चित्रकूट
- 7 अक्टूबर को नककटैया, सीता हरण, सुग्रीव मिताई
- 8 अक्टूबर को बालि वध, लंका दहन
- 9 अक्टूबर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध
- 10 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- 11 अक्टूबर को कुंभकर्ण, मेघनाथ वध, सुलोचना सती
- 12 अक्टूबर को अहिरावण वध, रावण वध
- 13 अक्टूबर को भारत मिलाप- भव्य शोभायात्रा
- 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक, बंदर विदाई

## एक नजर

### आज योजनाओं से लाभांवित होंगे दिव्यांग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन गुरुवार को आरएवी पब्लिक स्कूल इल्तिफातगंज में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित करना है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा मौजूद रहेंगे।

### दो चोर गिरफ्तार, सामान भी किया बरामद

जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। विद्यालय में चोरी करने के मामले में जैतपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी के बर्तन को भी बरामद किया है। चोरी जैतपुर थाना क्षेत्र के उदयापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार की रात हुई थी।

### पुलिस व व्यापारियों में हुई तीखी बहस

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। तीन दिन पूर्व नगर के जमालपुर चौराहे पर दुकानदार की पिटाई और लूट के मामलें में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज नेताजी दर्जनों लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे। व्यापार मंडल जिलामंत्री अंकित गुप्ता से पुलिस की जमकर बहसबाजी हुई। व्यापारी नेता ने चेतावनी देते हुए पुलिस को 48 घन्टे का समय दिया और कहा कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यापारी कोतवाली का घेराव करेंगे। कोतवाली प्रभारी की तरफ से आरोपियों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन देने पर व्यापारी शांत हुए।

# धूमधाम से मनाई पं.दीन दयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- बड़ी संख्या में लोग ग्रहण कर रहे हैं भाजपा की सदस्यता: अमित
- कटेहरी क्षेत्र की जनता उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को दिलाएगी जीत


सुलेमपुर में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को अपने प्रेरणापुंज भाजपा के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी के मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान जिला सहयोगी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता की उपस्थिति में जनपद के प्रत्येक बूथों में दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वृहद सदस्यता अभियान चलाया गया।

भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला सदस्यता सहयोगी अमित गुप्ता ने जनपद के श्रवण क्षेत्र मंडल अध्यक्ष सुभाष वर्मा और नसीरपुर शक्ति केंद्र संयोजक अविनाश पाण्डेय की उपस्थिति में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बूथ संख्या 316,317,318 में वृहद सदस्यता अभियान चला कर लोगों को सदस्य बनाया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अन्तिम पायदान पर जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों को समृद्धिशाली बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य शुरू किया था। पंडित दीन दयाल की सोच और लक्ष्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब कल्याण सहित विभिन्न वर्गों की कल्याण के लिए कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर उनके जीवन स्तर को समृद्धिशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नीति और कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कटेहरी विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार उप चुनाव भाजपा प्रत्याशी को बड़ी जीत दिलाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने सदस्यता अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के पुरोधा पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के सपने को हकीकत में बदलने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा जनपद में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करेंगे। इन्होंने भी लोगों को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता : भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर जनपद में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने बूथ संख्या 14 सुलेमपुर में, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, शिव नायक वर्मा, रमा शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी सहित भाजपा मण्डल अध्यक्ष सभी जनप्रतिनिधियों ने सदस्यता अभियान में भाग लेकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया।

# आवारा पशु की टक्कर से घायल युवक की मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार:** बसखारी थाना क्षेत्र के मोतिगरपुर के पास एनएच-233 पर बुधवार को आवारा पशु के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बसखारी पहुंचाया। जहां गंभीर अवस्था को देखते हुए घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया।

बस्ती के पचपेडिया संतपुर निवासी संजय पाठक(40) बुधवार को बाइक से आजमगढ़ की तरफ से अपने घर बस्ती जा रहे थे कि मोतिगरपुर बसखारी एनएच-233 पर सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु को बचाने के चक्कर में संजय की बाइक अनियंत्रित होकर दूसरे पशु से टकरा गई। टक्कर लगते ही संजय पाठक गंभीर रूप से घायल होकर वहीं तड़पने लगे। जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। हेलमेट न लगाने से सर में गंभीर चोट आई और वह तत्काल बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह, उपनिरीक्षक प्रेम बहादुर यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बसखारी पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद तुरंत घायल संजय को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जिला अस्पताल पहुंचते ही संजय की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना भेज दी है।

# जल्द पूरा करें निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य : डीएम

## अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में डीएम ने अधिशाषी अभियंता जल निगम और कार्यदायी संस्थाओं को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


कलेक्ट्रेट सभागार में अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व डीएसटीओ अनुपम सिंह।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक लागत की निर्माणाधीन, अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो भी निर्माणाधीन परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उसे जल्द से जल्द हस्तांतरित किया जाए और जो परियोजनाएं पूर्ण नहीं हुई है उसे पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदाई संस्था आवास विकास को उनके 85 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुके परियोजनाओं को अति शीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता जल निगम शहरी को नगर निकाय अकबरपुर, जहांगीरगंज, टांडा में संचालित वाटर सप्लाई परियोजना को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अपूर्ण परियोजनाओं का बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागो और कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### पौधों की सुरक्षा पर दें विशेष ध्यान : डीएम

**अंबेडकरनगर अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में जिला गंगा संरक्षण समिति, जिला पौधारोपण समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य बिंदु वर्ष 2024 में किए गए पौधारोपण के जियो टैगिंग और जीवितता प्रतिशत के संबंध में चर्चा की गई। उक्त के अतिरिक्त तमसा नदी के एचएफएल हाई फ्लूड लेवल जोन के चिन्हीकरण पर चर्चा की गई और गंगा प्रहरी की तैनाती भी कर ली गई। जिससे नदी के संरक्षण और साफ–सफाई के लिए सुचारू रूप से जन जागरूकता अभियान किया जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी पौधे लगाए जा चुके हैं उसकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के दौरान पर प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. उमेश तिवारी और समिति के सदस्य मौके पर उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, जलालपुर

**अंबेडकरनगर:** अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर टेंट हॉउस का भगोना हड़प लेने के मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामला जलालपुर कोतवाली के कर्बला कासिमपुर निवासी टेंट व्यवसायी भोलानाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 9 फरवरी को महेंद्र तिवारी निवासी मथुरा रसूलपुर द्वारा रिश्तेदार के यहां बेटी की शादी के नाम पर 50 रूपये प्रतिदिन के किराए पर पचीस हजार रूपये की कीमत का चार भगोना ले जाया गया। तब से आज तक आरोपी द्वारा ना तो भगोना वापस किया गया और न ही उसका किराया दिया गया। टेंट व्यवसायी द्वारा कई बार इस संबंध में आरोपी बात की गई किंतु मामले का कोई हल नहीं निकला। कुछ समय बाद जब टेंट व्यवसायी पुनः आरोपी के पास गया तो आरोपी महेंद्र तिवारी द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। घटना से आहत टेंट व्यवसायी द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई किंतु कोई कार्रवाई न होने पर उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शरण ली गई। अंततः पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर जिला अस्पताल। अमृत विचार

- डेंगू के मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज में 20, जिला अस्पताल में 10 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 5-5 बेड किए गए हैं आरक्षित

**अमृत विचार:** जनपद में डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। डेंगू के मरीजों को इलाज में समस्या न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड आरक्षित कर दिया है। जनपद में अब तक डेंगू के 12 मरीज मिले है।

डेंगू के मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। वहीं जिला अस्पताल में 10 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 5-5 बेड आरक्षित किए गए हैं। मरीजों का सही से इलाज हो इसके लिए जांच किट और दवा अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। बता दें कि जनपद में अभी तक डेंगू के 12 मरीज मिले हैं। जिसमें से एक मरीज का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं तीन मरीज दूसरे जनपद में रहकर अपना इलाज करा रहे हैं। बाकी मरीज घर पर रहकर इलाज करा रहे है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि डेंगू के मरीज के इलाज के लिए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्रों पर बेड आरक्षित किए गए हैं। डेंगू की जांच के लिए किट और दवाएं अस्पतालों में उपलब्ध हैं।

### बालिका विद्यालय से तीन लाख का सामान चोरी

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शिक्षा क्षेत्र जलालपुर के मछली गांव में स्थित नान्हू यादव स्मारक बालिका विद्यालय मछली गांव में चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर नकदी और लाखों रुपए के सामान उड़ा ले गये। विद्यालय से चोरों ने 6 बैटरी, दो डीवीआर, एक डीटीएच बूस्टर, एक साउंड चार्जर और काउंटर में रखा 25 हजार रुपए नगद उठा ले गए। इसकी जानकारी सुबह तब हुई जब विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिवंश यादव विद्यालय में पहुंचे। जब वह विद्यालय का गेट खोल कर अपने आफिस में पहुंचे तो वहां का नजारा देख स्तब्ध हो गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए सम्मनपुर थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य की तरफ से चोरी की तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मौके पर जांच–पड़ताल करते हुए चोरी का खुलासा करने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुस्तैद


रात में गश्त के दौरान ऑटो वाले से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस रात भर क्षेत्र व चौराहों पर कड़ी निगरानी रख रही है। जिससे कही किसी प्रकार की कोई अपराधिक घटनाएं घटित न हो। इसी कड़ी में अमृत विचार की टीम मालीपुर थाना क्षेत्र में पहुंच कर पुलिस की गश्त का जमीनी हकीकत परखा तो पुलिस कर्मी अपने–अपने ड्यूटी पर तैनात पाएंगे और बेवजह रात में घूमने वालों को अनावश्यक न घूमने की हिदायत और वाहनों को जांच पड़ताल करते हुए पहचान पत्र भी देखा। मंगलवार की रात 1:27 पर जब अमृत विचार की टीम मालीपुर चौराहे पर पहुंची तो वहां कांस्टेबल लाल बहादुर अपनी टीम के साथ जांच पड़ताल करते हुए दिखाई दिए। जिनसे पुलिस टीम ने रात में घूमने की जानकारी लिया। इस दौरान कई चार पहिया व दो पहिया वाहन गुजरे। इस वक्त एक जौनपुर जनपद का सोनू नामक व्यक्ति दो लोगों के साथ बाइक से पहुंचा जिसने पूछताछ में बताया कि मैं खाना बनाने का कार्य करता हूं और टांडा से जौनपुर जा रहा हूं। जिसका आधार कार्ड को जांच किया गया। जबकि सुरहुरपुर चौराहे पर रात में 1 बजकर 50 मिनट पर कांस्टेबल विनोद प्रचेता अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। जब थाना अध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी से जायजा लिया गया तो उन्होंने बताया इस समय क्षेत्र के देखभाल के लिए भ्रमण पर हूं। थाना अध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने के लिए रात भर पुलिस गश्त करती रहती है। जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना न घटित हो।

### एएसपी ने महिला आरक्षियों को किया सम्मानित


महिला आरक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एएसपी पूर्वी श्यामदवे।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। 29 अगस्त से 3 सितंबर तक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस 72वीं बार्षिक खेल प्रतियोगिता में लखनऊ जोन टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला आरक्षी कल्पना ने हेप्टाथलान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महिला आरक्षी कल्पना कोतवाली टांडा में तैनात हैं। जनपद के डायल 112 मुख्यालय पर तैनात महिला आरक्षी सरिता ने लखनऊ जोन की टीम की ओर से प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 किलोमीटर वॉक चाल में द्वितीय, 3000 मीटर स्टेपल चेंज में तृतीय स्थान और 06 सितंबर से 10 सितंबर तक आयोजित होने वाली 62वीं वार्षिक एक्वाटिक क्लस्टर तैराकी एवं क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता में क्रॉसकंट्री 10 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त महिला आरक्षियों को पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया है। एएसपी ने महिला आरक्षियों को साथ ही भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय भी मौजूद रहे।

### कोर्ट ने भाजपा नेता समेत पांच लोगों को भेजा जेल

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** बीजेपी नेता समेत पांच लोगों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 2018 में मेडिकल कॉलेज में कर्मचारी के साथ मारपीट और हंगामा करने के मामले में अदालत ने बीजेपी नेता श्याम बाबू गुप्ता और बजरंग दल के जिला संयोजक आलोक चौरसिया समेत पांच लोगों को जेल भेजा है। श्याम बाबू गुप्ता टांडा के पूर्व विधायक संजू देवी के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। यह घटना 20 नवंबर 2018 की है, जब श्याम बाबू गुप्ता अपनी माता के इलाज के लिए अंबेडकरनगर के सरकारी एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। रेफर किए जाने के बाद वह और उनके समर्थकों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा शुरू कर दिया और इमरजेंसी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात लिपिक अरविंद कुमार के साथ मारपीट किया। अरविंद कुमार ने इस मामले में अलीगंज थाने में तहरीर दिया था। मामले में पुलिस ने श्याम बाबू गुप्ता और उनके समर्थकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी श्याम बाबू गुप्ता, बजरंग दल के जिला संयोजक आलोक चौरसिया, अंतिम पांडेय, बृजेश मौर्या और रामहित वर्मा को जमानत के लिए कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन कोर्ट ने जमानत देने से इंकार करते हुए सभी को जेल भेज दिया।

# महिलाओं ने पुत्रों की दीर्घायु के लिए रखा जयतुआ का व्रत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


जयतुआ सूत्र बनाते दुकानदार।

अमृत विचार। जीवात्पुत्रिका व्रत जिसको जयतुआ भी कहा जाता है पुत्रवती स्त्रियां अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए यह व्रत करती हैं। इसके संबंध में पौराणिक कथा है कि गरुण जी ने जीमूतकेतु नामक गंधर्व के पुत्र जीमूतवाहन के प्राण नाग समझकर ले लिए थे। जब उन्हें यह ज्ञान हुआ कि यह तो नाग नहीं गंधर्व हैं तो उन्हें बड़ी गलान हुई और इसी समय पर वहां जीमूतवाहन के पिता जीमूतकेतु व उसकी माता भी पहुंच गई। गरुड़ अपने कृत्य के लिए पश्चाताप कर रहे थे कि मुझसे बहुत बड़ा पाप हुआ अब मै क्या करू। संजोग से इसी समय वहां भगवान शिव और माता पार्वती जी आ गए। गरुण ने जीमूत केतु ने माता पार्वती और शिव से अपने पुत्र के जीवन के लिए प्रार्थना किया तो माता पार्वती ने गरुड़ से कहा कि क्यों नहीं अमृत ला करके जीमूतवाहन को जीवित कर देते। गणेश को ध्यान आया उसी समय गरुड़ ने कहा हे माता मैंने आज तक जितने नागों का वध किया है यदि उनकी हड्डी शेष है तो मैं सबको जीवित कर दूंगा ऐसा कहकर उन्होंने आकाश से अमृत की वर्षा की जिससे जीमूतवाहन और अन्य नाग भी जिनकी हड्डी मात्र शेष थी जीवित हो गए। इसीलिए यह व्रत स्त्रियां अपने पुत्र की दीर्घायु के लिए करती है। इस त्योहार के मौके पर बाजारों में काफी भीड़ व चहल पहल रही। दुकानों पर फल आदि खरीदते हुए लोग नजर आए। इसमें मुख्य रूप से जैयतुवा सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

# पीएचडी की उपाधि हासिल कर नाजमा बानो ने बढ़ाया जनपद का मान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


शोधकर्ता नाजमा बानो मुदित मुद्रा में स्वजनों के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला मीरानपुर निवासी नाजमा बानो ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर समाज और जनपद का रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर लोगों में हर्ष व्याप्त है।

स्थानीय निवासी फिरोज आलम की धर्मपत्नी नाजमा बानो ने कृष्णा सोबती एवं कुर्रतुल ऐन हैदर के कथा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोधकार्य पूर्ण कर युवाओं में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा उत्पन्न कर दिया है। अपनी उपलब्धि का जिक्र करते हुए नाजमा ने बताया कि शिक्षा के प्रति बचपन से लगाव था। जिसे पहले माता-पिता और गुरूजनों ने फिर विवाहपरांत पति फिरोज मनिहार ने परवान चढ़ाया। परिणामस्वरूप आज मेरे नाम के आगे डॉ. शब्द जुड़ गया। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शोध निर्देशक डॉ. धर्मेंद्र शुक्ला एवं बाह्य शोध निर्देशक डॉ. राजेश मल्ल गोरखपुर विवि के निर्देशन में विगत मंगलवार को पीएचडी की उपाधि हासिल होने के संग शोधकार्य की यात्रा पूरी हुई। मौके पर फिरोज आलम, रेहान जैदी, लवी अली, विजयभान यादव, सरवर कुरैशी, सुरेश, नीरज, शमशेर आदि ने खुशी जाहिर किया है।

**फुटबॉल प्रतियोगिता** — गुरुकुल एकेडमी की प्राचार्य निधि सिंह ने की प्रतियोगिता की शुरुआत, कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने किया

# गुरुकुल एकेडमी को हरा एकलव्य स्टेडियम बना चैंपियन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं गुरुकुल एकेडमी की प्राचार्य निधि सिंह।

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अकबरपुर नगर के सोनगांव स्थित गुरुकुल एकेडमी में किया गया। वहीं,फाइनल मुकाबले में एकलव्य स्टेडियम ने गुरुकुल एकेडमी को 3-2 हराकर बना चैंपियन।

प्रतियोगिता की शुरुआत गुरुकुल एकेडमी की प्राचार्य निधि सिंह द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में भीटी ने 3-1 से कटेहरी टाइगर्स को हराया। दूसरे मैच में इलेवन स्टार ने 1-0 से रायल फुटबॉल को हराया। इसके बाद पहले सेमीफाइनल में एकलव्य स्टेडियम ने भीटी टीम को 3-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुकुल एकेडमी ने इलेवन स्टार को 6-1 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद फाइनल मैच एकलव्य स्टेडियम और गुरुकुल एकेडमी के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एकलव्य स्टेडियम ने गुरुकुल एकेडमी को 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता का संचालन फुटबाल प्रशिक्षक देशपाल सिंह द्वारा किया गया।

**प्रतियोगिता के दौरान यह भी रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुपम प्रजापति कनिष्ठ सहायक, वीरेन्द्र कुमार निषाद जीवन रक्षक एवं समस्त प्रशिक्षक देशपाल सिंह, अदनान अहमद, सत्यम सिंह, अमित चौरसिया, अभिषेक उपाध्याय, सुमेधा यादव और अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि गुरुवार को जूडो, हैंडबॉल, हॉकी और भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### कुश्ती में दुर्गेश, सूरज व विजय का रहा दबदबा


मैच के दौरान दांव लगाते पहलवान।

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या, जिला कुश्ती संघ के सचिव सैफ अहमद बेग, खेलो इण्डिया स्कूल गेम्स के कुश्ती कोच फसील अहमद बेग द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। स्वागत के क्रम में कुश्ती प्रशिक्षक अभिषेक उपाध्याय द्वारा क्रीड़ाधिकारी को बुके भेंट कर और फुटबाल प्रशिक्षक देशपाल सिंह द्वारा कुश्ती सचिव, वीरेन्द्र कुमार निषाद द्वारा कुश्ती कोच खेलो इण्डिया गेम्स को बैच लगाकर उनका स्वागत किया गया। 45 किग्रा भार वर्ग में दुर्गेश ने प्रथम, सौरभ ने द्वितीय और रामअवतार व शुभम यादव ने तृतीय स्थान, 50 किग्रा भारवर्ग में सूरज ने प्रथम, बहलोल अहमद ने द्वितीय और हर्ष व अहीम ने तृतीय स्थान, 55 किग्रा भार वर्ग में विजय ने प्रथम, अमित कुमार ने द्वितीय और नीरज व राज ने तृतीय स्थान हासिल किया। कुश्ती प्रतियोगिता का संचालन कुश्ती प्रशिक्षक अभिषेक उपाध्याय द्वारा किया गया।

# आपदा प्रबंधन पर एनसीसी कैडेटों ने किया मॉक ड्रिल

## प्रधानाचार्य ने दिए भूकंप आने पर बचाव करने के टिप्स

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा



आपदा प्रबंधन के प्रबंध करते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 48 वीं वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर एवं प्रशासनिक अधिकारी रान्योध सिंह के निर्देशन में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के नेतृत्व में कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में एनसीसी कम्पनी द्वारा भूकम्प आने से हो रही जन धन की क्षति को कम करने हेतु जनजागृति कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल में भूकंप आने घर का गिर जाना एवं लोगों का मलवे के अंदर फंस जाना, घायल होना आदि दिखाने के साथ साथ सैनिकों द्वारा रेस्क्यू कर घायलों को प्राथमिक उपचार करके अस्पताल तक पहुँचाने का ड्रिल कराया गया। मेजर राजाराम ने बताया कि पूरी पृथ्वी पर प्रति वर्ष 25 करोड़ बार कंपन होता है। लेकिन भूकम्प उसे माना जाता है जिससे जन -धन एवं भू दृष्यों को क्षति पहुँचती है। भूकम्प की दृष्टि से पूरी दुनिया को 5 भूकंपीय जोन में बाँटा गया है। जोन नम्बर 1 को सुरक्षित एवं जोन नम्बर 5 को सबसे खतरनाक माना जाता है। 5 नम्बर जोन पृथ्वी के टेक्टोनिक प्लेट का विनाशात्मक किनारा माना गया है, यह पृथ्वी का सबसे अस्थिर एवं कमजोर भूभाग है। जहाँ विनाशात्मक भूकंप आया करते हैं। हमारे देश में हिमालय प्रदेश एवं गुजरात तट तथा हमारा गोंडा भी इसी जोन का हिस्सा है।

अतः यहां पर भूविज्ञान के आंकड़ों के अनुसार शक्तिशाली भूकम्प आने की प्रबल सम्भावना है। इसलिए आपदा प्रबंधन का होना अति आवश्यक है। इससे बचने के लिए हमें भूकंप रोधी मकान बनाना चाहिए, सुनामी के खतरों से आगाह रहना चाहिए तथा पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन द्वारा हम आपदा से होने वाले अधिकाधिक हानि को कम से कम कर सकते हैं। इस दौरान पर वरिष्ठ प्रवक्ता संजय यादव, स्काउट प्रभारी अमित श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, कैडेट मोहित यादव, रिचा गुप्ता, आजम, सोयाब अख्तर, सुमित आदि लोग मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हुए विविध आयोजन

संवाददाता, बेलसर/तरबगंज/इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिले भर में विविध आयोजन हुए। गोष्ठी हुई। सफाई अभियान चलाया गया।

महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रार्थना स्थल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव राजेश चंद्र पांडेय के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इटियाथोक क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। ग्राम सभा सिसई बहलोलपुर बूथ के अंतर्गत तिन्ना तारी पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडल महामंत्री कृष्णा कुमार मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सेक्टर संयोजक शीतला प्रसाद तिवारी, मंडल एवं बूथ अध्यक्ष गण शैलेंद्र शुक्ला, प्रहलाद मौर्य तथा कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। तरबगंज में विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने पंडित दीन दयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और लोगों को एक दूसरे की मदद करने का आह्वान किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विधायक तरबगंज प्रेमनरायन पांडेय ने तरबगंज बाजार में तहसील मुख्यालय के निकट पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शत् शत् नमन किया और कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणा लेकर भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से निरंतर जनसेवा में लगा है। इस अवसर पर विधायक के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनरायन पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जयसवाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


तरबगंज में उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक प्रेम नरायन पांडेय।

### जय प्रभा ग्राम में मनाई गई पंडित जी की जयंती

**खरगूपुर, गोंडा :** एकात्मक मानव दर्शन के प्रणेता एवं जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह बुधवार को दीनदयाल शोध संस्थान जय प्रभाग्राम में मनाया गया।ग्रामोदय प्रकल्प के प्रभारी रामकृष्ण तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।इसके बाद जयंती समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामकृष्ण तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय पर चर्चा कर कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अपना जीवन सम्पूर्ण राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया था।इस अवसर पर गौतम कुमार, राहुल कुमार, जयदीप ढौंडियाल, अशोक कुमार सारस्वत, विनय कुमार श्रीवास्तव, रमापति शुक्ल, राकेश कुमार पांडेय, देव शरण सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**संवाददाता, रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार :** बुधवार को सुबह गोंडा-बहराइच मार्ग पर कौड़िया थाना क्षेत्र के गौसिहा गांव के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। कोतवाली नगर के खैरी गांव निवासी राहुल (25) अपनी रिश्तेदारी में गया था। वहां से वापस लौटते समय गोंडा बहराइच राजमार्ग पर कौड़िया थाना क्षेत्र के गौसिहा गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मृतक के भाई दिनेश की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। शव को अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

# परिवहन ठेकेदार कोटेदारों को दे रहा है कम खाद्यान्न, पूर्ति अधिकारी से की शिकायत

गोंडा कार्यालय


डीएसओ को ज्ञापन देते कोटेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोटेदारों को ट्रांसपोर्टर कम खाद्यान्न दे रहे हैं। इसकी शिकायत आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जनपद की इकाई के अध्यक्ष जिला पूर्ति अधिकारी से की है। कोटेदारों को खाद्यान्न अब ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से पहुंचा जा रहा है लेकिन कुछ ट्रांसपोर्टर मनमानी कर रहे हैं जिसकी वजह से कोटेदारों को पूरा खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। जब कोटेदारों को कम खाद्यान्न मिलता है तो वह लोग तौल में बेईमानी करते हुए राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न देते हैं। जांच होती है और कोटेदारों पर कार्रवाई भी की जाती है।

आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से दिये गये जिला आपूर्ति अधिकारी को मांग पत्र में कहा गया है कि डोर स्टेप डिलीवरी के परिवहन ठेकेदार कोटेदारों को कम खाद्यान्न दे रहे हैं। मनकापुर विकासखंड में जिस ट्रांसपोर्टर को काम मिला है वह छोटे वाहनों का प्रयोग नहीं कर रहा है और ना ही बोरी के वजन का खाद्यान्न कोटेदार को दिया जा रहा है। परिवहन ठेकेदार कोटेदार के दुकान से दो-तीन किलोमीटर दूरी पर ही जबरन राशन दे रहे हैं। ऐसे में मनकापुर के कोटेदारों में आक्रोश है। संगठन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ने किया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत मिली है। आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने शिकायती पत्र दिया है। मामले की जांच के लिए संभागीय खाद्य नियंत्रक को पत्र भेजा जा रहा है।

**कोटेदारों में आक्रोश, जिम्मेदार अफसर नहीं दे रहे हैं ध्यान**

# स्वच्छता अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली



जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र में एनसीसी कैडेटों द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

48 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के आदेशानुसार बुधवार को पंडित जग नारायण शुक्ला ग्रामोदय महाविद्यालय रानीपुर पहाड़ी तरबगंज में एनसीसी प्रभारी सूरज गुप्ता के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर शपथ दिलाई गई। दुर्जनपुर घाट चौराहा स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश पाण्डेय, एनसीसी कैडेट्स संदीप कुमार गुप्ता, कुलदीप पाण्डेय, रागिनी श्रीवास्तव, काजल, मुस्कान सहित सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। रैली महाविद्यालय से दुर्जनपुर घाट चौराहा होते हुए वापस रानीपुर के धौरहरा घाट इंडियन बैंक तक आयोजित की गई।

# ग्रामीणों को न मिली बिजली और न चलने का रास्ता, किया प्रदर्शन

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा


प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तरबगंज थाना क्षेत्र के सेझिया गांव में ग्रामीणों ने कहा कि पचास घरों के लिए कोई रास्ता नहीं है न ही आज तक बिजली मिल पाई है जिसकी शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

तरबगंज थाना क्षेत्र के सेझिया गांव के मजरा बालू के ग्रामीणों ने बुद्धसेन सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन किया और कहा कि हमारे गांव से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। न ही आज तक बिजली मिल पाई है। लगभग 20 वर्षो से रास्ते की मांग को लेकर अधिकारियों के पास शिकायत कर रहे हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे पूरे गांव के लोग परेशान हैं। पीड़ित बुद्धसेन सिंह ने बताया कि गांव के अजीज, किस्मत अली, मल्हू, अजीज सहित कई लोगों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है जिस पर डीएम ने जांच कर रास्ता दिलाने को कहा था लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि इस गांव में पचास घर हैं और सभी परेशान हैं। बिना बिजली के रह सकते हैं लेकिन बिना रास्ता के नहीं रह सकते हैं। अगर रास्ता न मिला तो आत्महत्या कर लेंगे क्योंकि अब कोई दूसरा चारा नहीं है। इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि गांव में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। चकबन्दी विभाग को निर्देशित किया है। चकबन्दी के राजस्व निरीक्षक ने बताया कि हम मौके पर गये थे जहां गांव के चारों तरफ दूसरे का खतौनी नंबर है। इसलिए इस समय रास्ता नहीं दिया जा सकता। चकबन्दी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी तब रास्ते की व्यवस्था की जायेगी।

## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | | | | 2 धे |
| | | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| | 5 गे | | लु | | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | |
| | मा | | | | 7 त |
| | मू | | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | | ना |

# फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में बुधवार को आयोजित फसल अवशेष प्रबंधन विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने बताया कि किसान जानकारी के अभाव में फसल अवशेष अपने खेत में जला देते हैं। इससे खेत में पाए जाने वाले लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु मर जाते हैं तथा सल्फर आदि पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे मृदा एवं पर्यावरण प्रदूषण होता है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेष जलाने की निगरानी की जाती है। फसल अवशेष जलाने पर सरकार द्वारा जुर्माना किया गया है। धान फसल कटाई के उपरांत खेत में बचे फसल अवशेष को इकट्ठा कर भूसा बनाया जा सकता है। कम्बाइन हार्वेस्टर के द्वारा फसल कटाई के बाद खेत में खड़े फसल अवशेष को रीपर द्वारा काटकर भूसा बनाया जा सकता है। पैडी स्ट्रा मल्चर का प्रयोग कर धान के अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खेत में मिला दिया जाता है जो कुछ दिन बाद सड़कर खाद में बदल जाता है। धान के खड़े ठूंट में हैप्पी सीडर मशीन के द्वारा रबी फसलों धान चना मटर मसूर आदि की बुवाई की जा सकती है, जिससे फसल अवशेष सड़कर खाद में परिवर्तित हो जाता है। खेत में पड़े फसल अवशेष को सड़ाने के लिए वेस्ट डिकम्पोजर का प्रयोग बहुत कारगर है। डॉ. डी के श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने फसल अवशेष से कंपोस्ट खाद बनाने की विधि, डॉ मनोज सिंह वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक ने फसल अवशेष का उपयोग मल्चिंग में करने तथा डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने बताया कि वेस्ट डिकम्पोजर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के द्वारा विकसित किया गया है। इस अवसर पर सुनीता, शोभावती, लक्ष्मी, कान्ति आदि कृषक महिलाओं ने फसल अवशेष प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

# साइबर सेल ने वापस कराए पीड़ितों के रुपये

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए तीन पीडितों को साइबर सेल ने उनके 37 हजार रुपये वापस करा दिया। अपने रुपये वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल गए और उन्होंने गोंडा पुलिस को धन्यवाद दिया।

कौडिया थाना क्षेत्र के मल्लापुर गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार मिश्रा, मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर बंदरही के रहने वाले उमेश कुमार व थाना नवाबगंज के सुभागपुर के रहने वाले अजय कुमार गुप्ता ने साइबर थाने में शिकायत की थी कि गलत ट्रांजेक्शन के चलते उनके रुपये दूसरों के खाते में चले गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने साइबर सेल को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। जनपदीय साइबर सेल ने सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के 37,000 रुपये की धनराशि वापस करायी। पीड़ितों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए एसपी व जनपदीय साइबर सेल को धन्यवाद दिया। एसपी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल-112 पर भी शिकायत दर्ज कराएं।

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.25 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष** – आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन** – आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या** – आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला** – आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक** – आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन** – आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 23.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जॉनी आई लव यू – सुबह : 08.56
- कोहराम – रात : 08.49

&pictures
- टॉइलेट - एक प्रेम कथा – सुबह : 10.45
- रनवे 34 – रात : 08.00

SONY PIX
- द लीजेंड ऑफ टार्जन – सुबह : 10.02
- वेनम – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 – सुबह : 10.46
- धमाल – रात : 08.00

ZEE ACTION
- वेधा – सुबह : 10.40
- मक्खी – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति – सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### खुली बैठक में तैयार की गई सूची

**रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया के खुली बैठक ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र की अध्यक्षता में पंचायत सचिवालय पर संपन्न हुई। इस बैठक में पंचायत सचिव राजेश चौधरी ने ग्राम पंचायत द्वारा आवास विहीन परिवारों की तैयार की गई सूची के अनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों के चयन पर विचार विमर्श किया। उमाशंकर शुक्ल, नंदकिशोर कश्यप, रिंकू तिवारी, बच्चा राम, अकबाल अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण की मांग

**रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भोपालपुर में भजन राम के घर से तालाब तक जाने वाली सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। ग्राम वासियों ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से ग्राम वासियों को गमनागमन के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। प्रधान प्रतिनिधि कमलेश पासवान ने बताया कि धनाभाव के कारण सड़क का निर्माण कार्य नहीं शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए धनराशि आवंटित कराये जाने की माँग खंड विकास अधिकारी से की गई है।

# 174 प्रभारी प्रधानाध्यापकों को स्थायी प्रधानाध्यापक का वेतन देने का आदेश

## जिले के शिक्षक विक्रांत सिंह समेत 174 शिक्षकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया फैसला

संवाददाता, गोंडा



**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को पूरा करने में असफल रहे बेसिक शिक्षा विभाग को हाईकोर्ट ने झटका दिया है। प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति किए बगैर सहायक अध्यापकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाकर काम ले रहे शिक्षकों को हाईकोर्ट ने प्रधानाध्यापक का वेतन भुगतान करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने जिले के शिक्षक विक्रांत सिंह की याचिका का अंतिम निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया है। अब विभाग को इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को भी प्रधानाध्यापक का वेतन देना होगा।

बेलसर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टपरहनपुरवा में कार्यरत सहायक अध्यापक विक्रान्त सिंह, तरबगंज के प्राथमिक विद्यालय घांचा के आशुतोष कुमार व हलधरमऊ के प्राथमिक विद्यालय हाता के सोनू कुमार सहित जनपद के 174 शिक्षक शिक्षिकाओं ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर कहा था कि सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत रहते हुए उनसे पिछले 9 वर्ष से प्रभारी प्रधानाध्यापक पद का कार्य लिया जा रहा है,जबकि वह पदोन्नति के लिए जरूरी अहर्ता रखते हैं। इसके बावजूद उनकी नियमित पदोन्नति न कर विभाग के अधिकारी उनसे जबरन स्थाई प्रधानाध्यापक पद का कार्य ले रहे हैं। याचीगणों ने न्यायालय से स्थाई प्रधानाध्यापक का वेतन दिलाए जाने की मांग की थी। याचीगणों की तरफ से अधिवक्ता वासुदेव मिश्रा व अन्य ने अपना पक्ष रखा। इस पर हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति मनीष माथुर ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य कर रहे सभी 174 शिक्षकों को स्थायी प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान करने का आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं को भी अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया है।

### याची शिक्षकों ने किया फैसले का स्वागत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले बेलसर के सहायक अध्यापक विक्रांत सिंह, राजनाथ तिवारी, प्रबल सिंह, दिनेश यादव, प्रतिभा शुक्ला, आशुतोष, कुलदीप यादव, रोहित गौतम, सोनू कुमार व हरिशंकर ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। शिक्षक संगठनों ने भी विभागीय अधिकारियों से अविलंब न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए संबन्धित को प्रधानाध्यापक पद का वेतन देने की मांग की है।

### बिना पदोन्नति जबरन कार्य ले रहा विभाग : राजेश

**अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय लेखाकार राजेश शुक्ल ने विभाग पर बिना पदोन्नति जबरन कार्य कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विभाग शिक्षकों का शोषण कर रहा है। प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में दशकों से पदोन्नति प्रक्रिया बाधित है और शिक्षकों से बिना स्थाई पदोन्नति के जबरिया कार्य लिया जा रहा है, जो अब स्वीकार्य नहीं है। यदि विभाग अब भी नहीं चेता तो संगठन आन्दोलन को बाध्य होगा। हाईकोर्ट के फैसले पर संघ के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय, मण्डल अध्यक्ष विक्रम सिंह, नरेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी यशवन्त पांडेय, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, सन्तबक्श सिंह, आनन्द सिंह, अनिल पांडेय, पुष्कर तिवारी आदि ने प्रसन्नता जतायी है।

# शिक्षकों के वेतन भुगतान का मुद्दा गरमाया, बीएसए से मिले शिक्षक

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** 12460 शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान का मुद्दा गरमाता जा रहा है। मंगलवार को शिक्षकों के प्रदर्शन के बाद बुधवार को एक बार फिर से शिक्षक कार्यालय पहुंचे और बीएसए अतुल तिवारी से मिलकर सत्यारन सूची जारी करने की मांग की। बीएसए ने शिक्षकों को सत्यापन सूची सार्वजनिक करने और दो दिन के भीतर वेतन भुगतान आदेश जारी करने का भरोसा दिलाया है।

12460 शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति पाने वाले 641 शिक्षकों के अभिलेखों को सत्यापन की कार्रवाई अभी अधर में हैं। स्कूलों में तैनाती के चार महीने बीतने के बाद अब तक सिर्फ 15 शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश जारी हो सका है। बाकी के शिक्षकों का वेतन सत्यापन के अभाव में अटका है। मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर वेतन भुगतान की मांग उठाई थी। बुधवार को एक बार फिर से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी के साथ शिक्षक बीएसए कार्यालय पहुंचे और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी से मुलाकात की और शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन की सूची को सार्वजनिक करने की मांग की। संघ की मांग पर बीएसए ने अब तक प्राप्त सत्यापनों की सूची जारी करने का निर्देश पटल सहायक को दिया है। बीएसए ने अगले दो दिन में वेतन आदेश निर्गत करने का भरोसा भी शिक्षक नेताओं को दिया है।



बीएसए अतुल तिवारी से वार्ता करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**प्राथमिक शिक्षक संघ ने सत्यापन सूची जारी करने की उठाई मांग**

इस अवसर पर महामंत्री उमाशंकर सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष/ ब्लॉक अध्यक्ष रुपईडीह अवधेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष/ ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक अखिलेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री/ ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज बलवंत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अंगद प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर विपिन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कटरा बाजार मुरली मनोहर शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज अवनीश पांडेय, मंत्री इटियाथोक चंद्र प्रकाश वर्मा, मंत्री रुपईडीह राजेश तिवारी, वरिष्ट उपाध्यक्ष वजीरगंज कन्हैया लाल मौर्य, ब्लॉक संयोजक झंझरी अनुपम पांडेय, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

## छात्रा के साथ अश्लील हरकत, दो नामजद

**परसपुर, गोंडा :** स्कूल से वापस घर जाते समय छात्रा के साथ दो मनचलों ने उसके घर के पास नहर पुलिया पर जबरन रोक कर अश्लील हरकत करने लगे। घटना को देखकर राहगीरों के पहुंच जाने पर छात्रा की आबरूह बच गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा को गांव के ही दो मनचलों द्वारा स्कूल से घर आते समय गांव के समीप नहर पुलिया पर बीते 7 अगस्त को दिन के दो बजे हरकत की गयी थी। लेकिन छात्रा के परिजनों द्वारा लोक लाज के भय से कोई कार्यवाही नही की गयी थी। बल्कि आरोपियों के घर जाकर शिकायत करने पर आरोपी पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट भी किया गया। तथा आये दिन छीटा कसी करते हुए जान माल की धमकी दी जा रही थी। जिससे छात्रा का स्कूल आना जाना बंद हो गया। आजिज होकर छात्रा की मां ने बुधवार को थाना आकर शिकायत दर्ज कराया। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# विवि महाविद्यालय शिक्षक संघ चुनाव में उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक-संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो. मंशाराम वर्मा ने बुधवार को बाराबंकी के महाविद्यालयों रामनगर पीजी कॉलेज रामनगर एवं जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज बाराबंकी में शिक्षकों से सम्पर्क कर मत एवं समर्थन की अपील की।

रामनगर पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा, डॉक्टर शैलेश कुमार, डॉक्टर परवेज आलम, डॉ. मनीष मोदनवाल के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने एवं समर्थन देने की अपील की। प्रो. सुनीत कुमार सिंह, प्रो कृष्ण कुमार सिंह, डॉ. ऋषिकेश मिश्रा, डॉ अखिलेश वर्मा, डॉ. अखिलेश पटेल सहित अन्य ने मत एवं समर्थन का आश्वासन दिया। डॉ. शैलेश कुमार ने कहा के शिक्षक संघ को मजबूत बनाने में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो. मंसाराम वर्मा का सहयोग करें। डॉ. परवेज आलम ने कहा पीएचडी इंक्रीमेंट वर्षों से लंबित है तथा मूल्यांकन में यूजी एवं पीजी स्तर पर 3 वर्ष और 5 वर्ष के समय की बाध्यता को समाप्त की जाए। इसके लिए प्रो. वर्मा को एक बार अवश्य मौका मिलना चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के स्तर पर इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बातें रखी जा सके। डॉ. मनीष मोदनवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रैक्टिकल संबंधित विसंगतियों के निदान के लिए प्रो. वर्मा का समर्थन करने का निवेदन किया।

## सार-संक्षेप

### भूमि का पट्टा देने के नाम ले लिया डेढ़ लाख

**संवाददाता, मनकापुर, गोंडा। अमृत विचार :** पट्टा की भूमि के लिए ग्राम प्रधान पर पैसा लेकर पट्टा न देना व पैसा वापस न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को ग्राम पूरे हृदय किशुनदास पुर निवासी ओम प्रकाश ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि तीन वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने हल्का लेखपाल से पट्टा की भूमि दिलाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपया लिया था। पीड़ित ने जब पट्टे का कागज मांगा तो ग्राम प्रधान हीलाहवाली करते हैं। अब पीड़ित को न पट्टा दे रहे हैं और न डेढ़ लाख रुपया ही वापस कर रहे हैं। एसडीएम यशवंत राव ने बताया कि शिकायत मिली है। तहसीलदार को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि आरोप निराधार है राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उनके ऊपर आरोप लगाया गया है।

### सीएचसी पर हुआ स्क्रीनिंग नेत्र शिविर का आयोजन

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक स्क्रीनिंग नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षण के उपरांत ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीजों को नि :शुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन के लिए अयोध्या नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने बताया कि शिविर में करीब 115 मरीजों की जांच गई। जिसमें शिव दर्शन, लाल, रघु, सीतापति, गुड़िया, वेद प्रकाश, संत प्रकाश, वेदप्रकाश आदि मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। जिन्हें ऑपरेशन हेतु अयोध्या नेत्र चिकित्सालय भेजा गया एवं उन मरीजों को मौसम जनित बीमारियों से जागरूक करने के साथ उनका इलाज एवं चश्मे की जांच की गई।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर लाभार्थियों से नोकझोंक का वीडियो वायरल

**संवाददाता, रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्र मंगल नगर पर दो दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व लाभार्थियों के बीच नोकझोंक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंजू देवी, पूनम देवी व अनीता सहित दर्जनों लाभार्थियों ने बताया कि राशन कम दिया जाता है तथा समय पर नहीं दिया जाता जिसकी शिकायत सीडीपीओ से की गई है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश कुमार गुप्त ने बताया कि राशन वितरण न करने तथा कम राशन देने की शिकायत पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्हें प्रसारित हो रहे वीडियो के बारे मे कोई जानकारी नहीं है।

### मकान कब्जेदारी को लेकर बवाल, महिला गिरफ्तार

**संवाददाता, धानेपुर। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा बग्गीरोड में मकान पर कब्जे को लेकर बुधवार को दो पक्ष आमने सामने आ गए। एक पक्ष ने मकान पर ताला लगाकर जबरन कब्जा कर लिया। दूसरे पक्ष को इसकी जानकारी मिलने पर उसने हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष की महिला को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। धानेपुर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित कस्बा बग्गी रोड में रहने वाले नईम खान के मुताबिक उसका अपने चाचा से विवाद चल रहा है। नईम ने बताया कि उसके कब्जे वाले मकान के हिस्से में उसके चाचा ने ताला लगाकर कब्जा कर अपना ताला लगा दिया। जब उसने विरोध किया तो वह मारपीट पर आमादा हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर बवाल हुआ। बवाल और हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रही एक महिला को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले आयी। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया हंगामा कर रही नासरीन खान नाम की महिला को गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

### निपुण भारत मिशन के तृतीय बैच का प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण लेते शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, परसपुर, गोंडा। अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित प्राथमिक शिक्षकों का चार दिवसीय निपुण भारत मिशन के तृतीय बैच के दूसरे दिन का प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि तृतीय चरण के निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को सन्दर्भ दाता बृजेश आलोक सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव ने प्राथमिक शिक्षकों को जोड़ की अवधारणा से सम्बंधित कक्षा–कक्षीय चुनौतियों पर चर्चा, गणित की शिक्षक संदर्शिका, कक्षा 4 व 5 में गणित संदर्शिका की रूप रेखा व निपुण सूची पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर अक्षय कुमार, नन्दनी सिंह, शिखा सिंह, राहुल कुमार, विजय प्रकाश, ऋषि जायसवाल, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महोत्सव में हुआ नारद मोह व मनु शतरूपा की लीला मंचन



राम लीला मंचन का दृश्य।

**करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार :** नगर के गुड़ाही बाजार में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव में मंगलवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा नारद मोह व मनु सतरूपा की लीला का मंचन किया गया। जिसमें पहले दृश्य में मनु और उनकी पत्नी सतरूपा द्वारा भगवान विष्णु से वर प्राप्त की लीला दिखाई गई। दूसरे दृश्य में नारद मोह की लीला दिखाई गई। जिसमें नारद जी भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि जिस तरह मुझे वानर का रूप रूप दिया है। मेरे साथ छल किया है। ऐसे ही त्रेता युग में तुम अपनी पत्नी के वियोग में दर–दर की ठोकरें खाओगे और यही वानर तुम्हारी सहायता करेंगे। जिसमें विष्णु का अभिनय रिंकू पुरवार, शंकर का महंत गिरजा शंकर गिरी, शील निधि का आशीष गिरी, नारद का दिलखुश वैश्य, ब्रह्मा का शुभम मिश्रा, रुद्रगण पवन मोदनवाल व अप्पू मोदनवाल, लाल देव का कमल वर्मा, कालदेव का जितेंद्र पटवा ने किया। वहीं, मनीष, पीयूष शुक्ला, दीपक सोनी, अशीष शाह, विशाल कौशल, मोनू गुप्ता आदि कलाकारों ने मंचन में अभिनय किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामतानाथ वर्मा, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, अंकित जायसवाल, अनुज जायसवाल, अभिषेक परिवार, विश्वनाथ शाह, रितेश सोनी बड़े, चंद्र कुमार शुक्ला, विश्वनाथ तिवारी, मनीष भट्ट, श्री चंद्र कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वदेशी विचारधारा के पुरोधा थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय: कृष्ण मोहन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सर्वोदय स्वदेशी विचारधारा मूल्य के धरोहर पंडित दीनदयाल की जयंती भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भाजपा से जुड़े लोगों ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाते हुए उनको याद किया।

भाजपा नेता कृष्ण मोहन तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी विचारधारा के पुरोधा थे । उन्होंने राष्ट्रीयता का बिगुल बजाते हुए लोगों को अपने मिट्टी से जोडा था। उन्होंने सदैव सभी जाति समुदाय को एक साथ लेकर चलने की बात कही थी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। उनके बताए हुए सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए देश को आगे बढ़ना होगा। भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों की ही देन है कि भाजपा विश्व के नंबर एक पार्टी है। पूरा विश्व भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को देखकर प्रशंसा कर रहा है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने रानी बाजार तथा आवास विकास कॉलोनी के कई प्रतिष्ठानों, दुकानों तथा घरों में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान के दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान विशाल अग्रवाल, राजा बाबू गुप्ता, अमरजीत चौधरी, प्रिंस चौरसिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कंपनियों में निवेश किए गए रुपये को दिलाने की मांग

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार:** पाण्डव वंशीय बाबू रघुवीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन भेजा है, जिसमें मांग की गई कि पीएसीएल (पर्ल), सहारा समूह, कुबेर, हाफलैण्डस, टेराकोटा जैसे कंपनियों ने भोले भाले निवेशक लोगों के करोड़ों रुपए अपने कंपनियों में एजेंटों के माध्यम से निवेश कराया था लेकिन अब वह लोगों के पैसे को वापस नहीं कर रहीं हैं जिसके कारण लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

उच्चतम न्यायालय ने भी ब्याज सहित पैसा वापस करने का आदेश दे चुका है लेकिन आज तक लोगों को पैसा वापस नहीं मिला है। कंपनियों से रुपये वापस दिलाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में ट्रस्ट के अध्यक्ष शेर सिंह, गोपीनाथ शुक्ला, नागेन्द्र प्रसाद सेन, राम मनोज सिंह, ओपी सिंह,संतोष कुमार, राजकुमार बी के तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ल, विजय चंद, राजित राम, प्रजापति, रामतीरथ, अशोक चौहान, रमेश मिश्रा, आशीष सिंह, निजामुद्दीन, ओंकार नाथ तिवारी, लल्लू लाल मिश्रा, बाबादीन, शिव कुमार, अनिल दूबे आदि रहे ।

# अपहरण व दुराचार के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को अदालत में दोषी ठहराते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है और 35000 का जुर्माना लगाया है।

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी नाबालिग बेटी को कटरा बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक बहला फुसलाकर भाग ले गया और उसके साथ जबरन दुराचार किया। मामले में कटरा बाजार थाने में आरोपी चांद बाबू पुत्र सिराजुल निवासी छोटा चौधरी पुरवा के खिलाफ अपहरण-दुष्कर्म वह पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक राम अशीष यादव ने साक्ष्य संकलन व विवेचनात्मक कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत कटरा बाजार पुलिस, मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक अशोक सिंह, कोर्ट मोहर्रिर संध्या चौरसिया व थाना कटरा बाजार के पैरोकार प्रमोद कुमार की प्रभावी पैरवी के चलते कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया। बुधवार को पीठासीन अधिकारी राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने दोषी चांद बाबू को 20 वर्ष के आश्रम कारावास की सजा सुनाई और 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सवारी को लेकर ई-रिक्शा चालकों में हुई मारपीट

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा चिड़ियापुर चौराहे पर बुधवार को सवारी बैठाने को लेकर दो ई-रिक्शा चालक आपस में भिड़ गये। दोनों के बीच कहासुनी के साथ मारपीट हो गयी। गाली गलौज और हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर स्थित कस्बा बाबागंज बाजार से रेतवागाड़ा चिड़ियापुर मोड़ पर प्रतिदिन वाहनों का जमावड़ा लगता हैं। यात्री यहीं खड़े होकर वाहनों की प्रतीक्षा करते हैं। बुधवार को सवारी बैठाने को लेकर दो ई-रिक्शा चालक आपस में भिड़ गए। मामला बढ़ते-बढ़ते पहले हाथापाई और फिर मारपीट तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद अन्य चालकों व राहगीरों ने दोनों को अलग कर बीच बचाव कराया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो पर स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एक दिन की बात नहीं है। आए दिन यहां झगड़ा फसाद होता रहता है। यहां पुलिस की पिकेट ड्यूटी भी लगती है लेकिन पुलिस के लोग इस सबसे अंजान बने रहते हैं। ऐसे में यह विवाद किसी दिन गंभीर रूप ले सकता है।

# फार्मासिस्टों ने जिला चिकित्सालय में बांटे फल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि ओम सिंह के नेतृत्व में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में फल वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सीएमओ, सीएमएस, डॉक्टर्स व फार्मासिस्ट रहे।



फल वितरण करने के लिए जाते फार्मासिस्ट। अमृत विचार

सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम "फार्मासिस्टः वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति" है। इस संबंध में सरकार को उपकेंद्रों पर फार्मासिस्ट की नियुक्ति करके दवा लिखने का अधिकार देना चाहिए। कार्यक्रम में समस्त फार्मासिस्टों ने मरीजों की सेवा का संकल्प लिया। राम कृपाल साहू ने कहा कि मरीजों की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं है। मनोज तिवारी ने बताया कि संगठन हर वर्ष कार्यक्रम करता है। यह दिवस विश्व के हर कोने में स्वास्थ्य को सुधारने फार्मासिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देने और उनके सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. वीके गुप्ता, रमेश पांडेय, आरएस गुप्ता, फार्मासिस्ट बीडी सोनी, रोहित मिश्र, सुधांशु मिश्रा, अंकुल तिवारी, शिव कुमार मौर्य, मुकेश निषाद, मनोज सैनी, दूधनाथ, आदि उपस्थित रहे।

**कटरा बाजार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार के सभागार में वरिष्ठ चीफ फार्मासिस्ट आनंद सिंह के नेतृत्व में फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया।

**स्वास्थ्य विभाग में सुधार करने को फार्मासिस्ट की अहम भूमिका : हरिओम सिंह**

सीएचसी अधीक्षक डॉ. एमपी यादव ने फार्मासिस्टों की सेवाओं की सराहना की साथ ही सीएससी में कार्यरत फार्मासिस्ट की ओर से दवा वितरण कार्य के साथ अन्य चिकित्सीय कार्यों में सहयोग करने की बात भी कही। फार्मासिस्ट दिनेश मिश्रा ने फार्मासिस्ट दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर साल 25 सितंबर का दिन विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ हितेश कुरील, चीफ फार्मासिस्ट आनंद सिंह, फार्मासिस्ट महेश गिरी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

**पहल** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरुक

# बेसहारा बच्चों की चाइल्ड हेल्प लाइन पर दें सूचना

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** अगर आपको कहीं कोई गुमशुदा, लावारिस या कोई अनाथ बच्चा दिखाई देता हैं तो आप उसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन पर देकर उसकी मदद कर सकते हैं। हेल्पलाइन के कर्मचारी तत्काल उसे मदद मुहैया करायेंगे। बुधवार को शहर के गायत्री पुरम मोहल्ले में स्थित एक स्कूल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक ने यह जानकारी दी।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला कल्याण बिभाग की तरफ से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है। बुधवार को गायत्री पुरम मोहल्ले में स्थित एपीएस ग्लोब स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन आशीष मिश्रा ने महिलाओं व बेटियों को उनकी सुरक्षा व अधिकार के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के नंबर से परिचय कराया और कहा कि अगर कोई भी बच्चा गुमशुदा, अनाथ, लावारिस या बेसहारा दिखाई दे तो इसकी जानकारी हेल्पलाइन के नंबर पर दें। उसे तत्काल सहायता उपलब्ध करवायी जायेगी। उन्हेने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में में भी जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर चेतना सिंह ने वर्तमान समय में बालिकाओं के गिर रहे लिंगानुपात के बारे में जानकारी दी तथा महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना के बारे में जागरूक किया।





स्कूली छात्राओं व महिलाओं को जागरुक करती चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम।

उन्होंने महिला कल्याण विभाग की तरफ से चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। पुलिस विभाग से उप निरीक्षक पूजा वर्मा व महिला आरक्षी सीमा वर्मा ने महिला अपराध तथा सुरक्षा के बारे में बेटियों को जागरूक किया तथा उन्हें वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090 व 112 के बारे में जानकारी दी। कांस्टेबल कमल अख्तर ने साइबर हेल्पलाइन 1930 के विषय में बताया। कार्यक्रम में डीएलएसए से कंचन सिंह, वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर दीपशिखा शुक्ला, केस वर्कर निधि त्रिपाठी, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर शान्तनु उपाध्याय, केस वर्कर हितेश भारद्वाज, मुकेश भारद्वाज, स्कूल प्रबंधक कोऑर्डिनेटर व अध्यापक व सभी स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# राजस्व परिषद अध्यक्ष आज करेंगे राजस्व कार्यों की समीक्षा

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार:** 26 सितम्बर को राजस्व परिषद के अध्यक्ष प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तों एवं समस्त जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर राजस्व कार्यों के समीक्षा करेंगे। बताया गया कि रियल टाइम खतौनी के अवशेष कार्य, उपलब्ध खतौनियों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन, राजस्व ग्राम खतौनी में दर्ज खातेदारों/ सहखातेदारों के गाटों में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण कार्यक्रम की स्थिति, ऑनलाइन भूमि बंधक की समीक्षा करेंगे। ई-खसरा पड़ताल, मंडलीय व जनपदीय राजस्व कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण की समीक्षा भी करेंगे।

## एक नजर

### हज के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**बहराइच :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि हज-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की गति अत्यधिक धीमी होने के कारण हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 30 सितम्बर कर दिया गया है। उन्होंने बताया पूर्व में अन्तिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित थी। उन्होंने हज के लिए इच्छुक व्यक्तियों को सुझाव दिया है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बगैर शीघ्र से शीघ्र ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

### मृत महिला के खाते से निकल गए 40 हजार

**मटेरा, बहराइच :** नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहबतिया के मजरा टाड़पुरवा गांव निवासी सुंदरी देवी पत्नी अमिरका प्रसाद का खाता संख्या 21516537181 इमामगंज में स्थित इंडियन बैंक में संचालित है। महिला की मौत 12 दिसंबर 2022 को हो चुकी है। महिला की मौत के बाद भी खाते से 40 हजार रूपये निकाल लिए गए। पुत्र चंद्रिका प्रसाद बुधवार को जब बैंक पहुंचा तो मां के खाते में पैसा नहीं दिखा। इस पर उसने स्टेटमेंट निकलवाई तो जानकारी हुई कि 21 अक्टूबर 2023 को दो बार में 20/20 हजार रूपये निकाल लिए गए। इस पर उसने शाखा प्रबंधक को शिकायती पत्र दिया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक विपुल सिंह से बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस मामले में लीड बैंक प्रबंधक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह चेन्नई में हैं। सोमवार को पीड़ित को कार्यालय भेजें। समस्या का निदान करने का प्रयास किया जायेगा।

### चनैनी गांव में वज्रपात से भैंस की मौत

**नवाबगंज, बहराइच :** घर के सामने बंधी भैंस पर वज्रपात से मौत हो गई। बुधवार सुबह तेज बारिश होने व गरज चमक के साथ नवाबगंज क्षेत्र के चनैनी गांव में रामचन्द्र यादव पुत्र राम खेलावन यादव की भैंस घर के सामने बंधी हुई थी। आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर मौत हो गई। पीड़ित रामचंद्र यादव ने बताया कि भैंस उसकी जिविका चलाने का सहारा थी। प्रति दिन सुबह शाम 10 लीटर दूध देती थी, जिससे परिवार का भरण पोषण होता था। वह काफी दुखी है। उसने इसकी सूचना लेखपाल को दी है।

### एक लाख की वसूली कर सात के काटे कनेक्शन

**पयागपुर, बहराइच :** पयागपुर क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर एक लाख की वसूली की गई। भूपगंज बाजार में बुधवार को बिजली चोरी व बिल के बकायेदारों के खिलाफ विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। 7 बकाएदारों के कनेक्शन काटे और एक लाख बकाया बिल भी वसूला। विभाग की इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। अवर अभियंता नवीन तिवारी ने बताया कि 5000 से 50000 के बीच के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए है एवं केबल उतार ली गयी अवर अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान समय से कर विभागीय कार्यवाही से बच सकते है। इस दौरान उपखंड अधिकारी अश्वनी पांडेय, अवर अभियंता नवीन तिवारी, स्टेशन फीडर मैनेजर मोहित शुक्ला ,लवकुश ,निरंजन, दीपू, संजीत मीटर रीडर आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन का 23 मकानों पर चला बुलडोजर

## कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई , ध्वस्तीकरण के दौरान जद में 200 मीटर दूर खड़े कर दिए गए गांव के लोग

फखरपुर, बहराइच

**अमृत विचारः** कैसरगंज तहसील क्षेत्र के सराय जगना ग्राम पंचायत के वजीरगंज बाजार में बुधवार को कोर्ट के आदेश पर प्रशासन का पक्के मकानों पर बुलडोजर चला। दो बुलडोजर ने 23 मकानों को गिरा दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान सुरक्षा को लेकर काफी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। वहीं अतिक्रमण हटाने के दौरान गांव के लोगों को 200 मीटर दूर खड़ा कर दिया गया था।

कैसरगंज तहसील के फखरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय जगना में गाटा संख्या 92, 211 और 212 की जमीन खलिहान और रास्ते के लिए अंकित है। लेकिन इसी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा जमाया है। उन्होंने पक्का निर्माण करके कई दुकान भी संचालित कर ली थीं। गांव में 129 से अधिक लोग अपना निवास स्थान बनाकर रह रहे हैं। वहीं इस जमीन को सरकार अपना बता रही है। ऐसे में जमीन पर कब्जा हटवाने के लिए एक व्यक्ति ने कोर्ट में वाद दायर किया था। कोर्ट ने खलिहान और रास्ते की जमीन पर से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। कोर्ट के आदेश पर बुधवार सुबह पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गांव पहुंच गए। सभी ने दो बुलडोजर की मदद से निर्माण गिरवाना शुरू कर दिया। देर शाम तक चली कार्रवाई में लगभग 23 मकान जमींदोज कर दिए गए।



फखरपुर थाना क्षेत्र में मकानों को ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार



प्रशासन की कार्रवाई के दौरान दूर खड़े लोग। अमृत विचार

वहीं एसडीएम आईएइस आलोक कुमार ने बताया कि नोटिस के बाद भी जब कब्जा नहीं हटाया गय तो बुलडोजर के माध्यम से कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आगे भी कार्रवाई की जारी रह सकती है। क्योंकि अभी अन्य कई मकान भी जद में हैं। इस दौरान सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह, सीओ अनिल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष फखरपुर अभिनव प्रताप सिंह, कैसरगंज राजनाथ सिंह, महिला थानाध्यक्ष के अलावा पांच थानों की पुलिस और दो कंपनी पीएससी के जवान की मौजूदगी में पक्के मकानों को तोड़ दिया गया।

वहीं कार्रवाई के दौरान कैसरगंज के तहसीलदार अभय रॉज पांडेय, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, कानूनगो ब्रहमादत्त यादव, लेखपाल चन्द्रकेश मौर्या, महावीर रॉय और अफजाल अहमद भी शामिल थे। इनके साथएक दमकल वाहन को भी मौके पर रखा गया था।

# गम और गुस्से के बीच सिसकते दिखे गांव के लोग

जितेंद्र कुमार वर्मा, फखरपुर, बहराइच

▸▸ घंटों में मिट्टी में मिल गई ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई

**अमृत विचारः** जिले के वजीरगंज बाजार में बुधवार को शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई ने 23 परिवार को बेघर कर दिया। सभी खुले आसमान तले रहने को विवश हो गए। उच्च न्यायालय के आदेश पर बुलडोजर लेकर पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीण बेबसी की नजर से देखते रहे। गम और गुस्से के बीच उनके मकानों को कुछ ही घंटों में मिट्टी में मिला दिया गया है।

फखरपुर विकासखंड का वजीरगंज बाजार मुस्लिम आबादी से भरा हुआ है। यहां के लोगों ने गाढ़ी कमाई कर एक-एक तिनका जोड़ा, इसके बाद पक्का निर्माण कराया। बाजार के लोगों की दिनचर्या बेहतर चल रही थी। लेकिन बीते 15 दिनों से सभी के दिल पर बेचैनी छा रही थी। इसका मुख्य कारण मकान गिराने और जमीन खाली करने के आदेश को लेकर था। ग्रामीणों ने डीएम से लेकर कोर्ट तक के चक्कर लगाए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। अंततः बुधवार पुलिस का फोर्स बाजार में दिखने लगा और कुछ ही देर में बुलडोजर आ गए। ग्रामीणों ने घर से अपना सामान निकाला। इसके बाद मकानों पर सुबह 10 बजे से बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हो गई। गम और गुस्से के बीच 200 मीटर की दूरी पर खड़े ग्रामीण अपना मकान गिरता देखते रहे। पूरे दिन चले अभियान में 23 मकान पूरी तरह जमींजोद हो गए। चारों तरफ लोग रोने लगे। वहां माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। लेकिन अधिकारी भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन करवाने के लिए मजबूर दिखे। हालांकि शाम चार बजे तक चले अभियान में 11 दुकान समेत 23 मकान पूरी तरह से मिट्टी में मिल गए।



घर गिर जाने के बाद बिलखती कुलसुम।

**कैसी आफत आईः कुलसुम**

मकान गिराए जाने पर परेशान वृद्ध महिला कुलसुम कुछ पत्रकारों के कैमरे के सामने रोने लगी। उसने कहा कि 40 वर्षों से रह रही हूं। वह विकलांग है। दो बच्चे हैं और अब घर गिरा दिया गया। अब वह सभी कहां रहेंगे। उसने कहा कि कहां ऐसी आफत आ गई। वहीं महिला की आपबीती सुनकर वहां मौजूद अन्य लोगों की आंखें नम हो गईं।

**इन लोगों के गिराए गए मकानः** एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि वजीरगंज बाजार में रियाज खान, शाहरुख खान, मुकीत खान, ढरी खान, कुलसुम, इश्तियाक भाराई, नजीर अहमद, फहीम खान, शहजाद, अबू सहमा, बेचन, औराई, सहमत, असलम खान, आमिर अहमद समेत 23 लोगों के मकानों पर बुलडोजर के जरिए कार्रवाई की गई है।

# तीन मकानों में घुसे चोरों ने दो मकानों से की चोरी

मोतीपुर, बहराइच

▸▸ एक मकान में घुसते ही जग गए परिवार के लोग

**अमृत विचारः** जिले के बरुआ शाहपुर खुर्द गांव निवासी तीन लोगों के मकान में मंगलवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने दो मकान से नकदी और जेवरात की चोरी की। तीसरे मकान में परिवार के लोग जग गए तो चोर फरार हो गए।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर खुर्द के मजरा बरुआ गांव निवासी राम चंद्र पुत्र राम हरेंद्र और धर्मेंद्र पुत्र मेघनाथ के घर में चोर घुस गए। चोरों ने ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और अन्य सामान की चोरी की। इसके बाद सभी पड़ोसी एक अन्य ग्रामीण के घर में घुसे। लेकिन यहां पर परिवार के लोग जग गए तो सभी फरार हो गए। वहीं घर से कुछ दूरी पर स्थित धान के खेत में कपड़ा और अन्य सामान बिखरा हुआ मिला। बुधवार सुबह लोगों ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। मोतीपुर पुलिस ने मौके पर जांच की है। वहीं पीड़ित पक्ष ने चोरी के खुलासे की मांग की है।

# वसूली करने वाले कोटेदार का कोटा निलंबित

बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के ग्राम पंचायत कठौतिया के लोगों से दुर्गा पूजा के नाम पर वसूली करने वाले कोटेदार का कोटा निलंबित कर दिया गया। इस खबर का प्रकाशन अमृत विचार अखबार और पोर्टल ने प्रमुखता से किया था।

विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया के गांव के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों ने डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र भेजा है। गांव निवासी सीता राम, लक्ष्मी, मंजेश, राजेश, राज नारायन, प्रमोद कुमार और लक्ष्मी ने हस्ताक्षरित पत्र भेजा है। सभी का कहना है कि वह सभी अंत्योदय कार्ड धारक हैं। उनसे खाद्यान्न लेने जाने पर कोटेदार और प्रधान 500 रूपये चंदा मांग रहे हैं। चंदा दुर्गा पूजा के नाम पर लिया जा रहा है। विरोध करने पर बिना खाद्यान्न दिए वापस भेजा जा रहा है। इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में मामले की जांच कर कार्यवाई की जाए। इस खबर को अमृत विचार अखबार ने सोमवार के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



पूर्ति निरीक्षक ने शुरू की मामले की जांच

सोमवार को प्रकासित खबर।

**खबर का असर**

▸▸ मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया का मामला

▸▸ महाराजसिंह नगर से अटैच हुआ कोटा, प्रधान को चेतावनी

खबर का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने पूर्ति निरीक्षक रंजीत कुमार से जांच करवाई। जांच में आरोप सही मिले। इस कोटा निलंबित कर दिया गया है। कठौतिया का कोटा महाराजसिंह नगर गांव से अटैच किया गया है। वहीं ग्राम प्रधान को चेतावनी दी गई है।

## सार-संक्षेप

### अवैध टैक्सी स्टैंड के विरोध में चालक और परिचालकों का प्रदर्शन



शहर के गोलवा घाट बस स्टैंड के निकट प्रदर्शन करते संचालक। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के विभिन्न स्थानों पर लंबी दूरी के लिए भी टैक्सी और ऑटो संचालित हो रहे हैं। इसके विरोध में प्राइवेट बस के चालक और परिचालक ने प्रदर्शन किया। साथ ही इनका संचालन शहर से दूर करने की मांग की। महसी, कैसरगंज और सीतापुर को जाने वाली प्राइवेट बस स्टैंड शहर से दूर गोलवाघाट में किया गया है। जबकि लखमीपुर, नानपारा और नवाबगंज मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस का संचालन झिंगहाघाट बस स्टैंड से हो रहा है। लेकिन शहर में संचालित अवैध टैक्सी और ऑटो स्टैंड के चलते सवारियां नहीं मिल पा रही हैं। छोटे वाहन चालक ही सवारी वाहनों में बैठा लेते हैं। इससे प्राइवेट बस संचालकों को घाटा लग रहा है। इसको लेकर सभी ने बुधवार को नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सभी ने शहर में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड को बाहर संचालित किए जाने की मांग की है। अध्यक्ष कृष्णानंद, विश्वनाथ, पहलवान, राम अचल, आनंद, शिवसरन, शंकरदयाल, शेष कुमार, सन्तोष,गुड्डू,कोलई,रामू, फेरन, श्याम समेत अन्य मौजूद रहे।

# स्नान करते समय घाघरा में डूबीं 2 किशोरियां

बिछिया, बहराइच

**अमृत विचारः** सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित घाघरा नदी के तट पर बुधवार शाम को गांव की महिलाएं जिउतिया पूजा के लिए स्नान कर रही थीं। साथ में स्नान करते समय दो किशोरिया घाघरा नदी में डूब गईं। काफी तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका है।

जिले में बुधवार को महिलाओं ने जीवित पुत्र की दीर्घायु के लिए जिउतिया व्रत रखा। इसके बाद सभी शाम को रीति रिवाज के अनुसार नदी के तट पर स्नान करने पहुंची। सुजौली थाना क्षेत्र के मौरहवा गांव के पास स्थित घाघरा बैराज नदी में महिलाएं और गांव की बेटियां स्नान कर रही थी। स्नान करते समय बड़खड़िया गांव निवासी सीमा ( 16 ) पुत्री हरिश्चंद्र और लाली पुत्री ( 14 ) विजेंद्र गहरे पानी में चली गई। दोनों को आसपास के लोगों ने बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पानी अधिक होने से दोनों किशोरिया बीच धारा में बह गईं। नदी के तट पर काफी संख्या में भीड़ एकत्रित है। प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच रही है। दोनों किशोरियों की तलाश की जा रही है।



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

▸▸ महिलाओं के साथ नदी में स्नान कर रहीं थीं किशोरियां

▸▸ काफी तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला

# सड़क हादसों में श्रमिक समेत तीन लोगों की मौत

जरवल/जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें श्रमिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

हरदी थाना क्षेत्र के मुरौवा गांव निवासी राकेश कुमार (35) पुत्र रंगीलाल श्रमिक था। वह बुधवार को मकान निर्माण में काम के लिए ट्रैक्टर से बलवापुर गांव जा रहा था। बकरी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान ट्रैक्टर पर बैठा श्रमिक नीचे गिर गया। कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ बहराइच मार्ग अठैसा गांव के पास सड़क पार कर रहे खालीक पुत्र नूर मोहम्मद उम्र 50 वर्ष निवासी बरवलिया चकपुरवा को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे खालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर जरवल रोड पुलिस ने पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सक अवनीश गुप्ता ने मृत घोषित कर दिया। जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला कटरा दक्षिणी निवासी नियाज़ बाइक से महिला के साथ मंगलवार शाम को डॉक्टर को दिखाने कैसरगंज जा रहा था। कैसरगंज थाना क्षेत्र के पवही गांव के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में वह हादसे का शिकार हो गया। सर में चोट लगने पर उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

### भाजपा सभी जाति पर करती है विश्वासः शिव भूषण




ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि।। अमृत विचार

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** भाजपा की ओर से बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय हुजूरपुर में महा सदस्यता अभियान चलाया गया है। जिसमें 200 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया। हुजूरपुर में विकासखंड सभागार में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवभूषण सिंह और विशिष्ट अतिथि सुभाष त्रिपाठी विधायक बृजेश पांडे जिलाध्यक्ष कार्यक्रम रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला और पुरुष सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा सभी जाति और धर्म पर विश्वास करती है। ऐसे में पार्टी सबके लिए है। इस दौरान आयोजक अजीत प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख, महेंद्र पाठक, हरेंद्र विक्रम सिंह प्रधान संघ के अध्यक्ष, संतोष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी, अश्वनी सिंह सनी, मुकेश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, पंकज सिंह, विपिन सिंह, विकास सिंह, गौरव सिंह, प्रिंस सिंह, राहुल शुक्ला, सूरज सिंह, अभिषेक, धर्मेंद्र सिंह छोटे बाबू, देवेश सिंह, संतोष, दुर्गेश, सत्येंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बहराइच

**अमृत विचारः** दरगाह थाने के हमजापुर निवासी 45 वर्षीय इस्माइल पुत्र अय्यूब हसन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे परिजन बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज लाए। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अय्यूब हसन के मुताबिक वह शराब के नशे का आदी था। दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से किया हमला

बहराइच

**अमृत विचारः** जनपद के बभनी सैदा गांव निवासी एक युवक ने अपने चाचा पर ही धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे चाचा घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक चाची से अवैध संबंध के विरोध में हमला हुआ है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी सैदा गांव निवासी रईस अहमद पुत्र मुश्ताक शेख रात में बिजली न होने के चलते घर के सामने बैठे हुए थे। रात 12 बजे के आसपास रईस अहमद का भतीजा एक अन्य साथी के साथ आया और उसने चाचा पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों फरार हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल का इलाज कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि धारदार हथियार से हमला भतीजे ने किया है।



हमले में घायल रईस अहमद।

**समीक्षा बैठक** राजस्व वादों के निपटारे को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# लंबित वादों का हर हाल में करें निस्तारण : डीएम

बहराइच

**अमृत विचारः** राजस्व कार्यो व राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा तथा गांधी जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधीनस्थों अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी उप जिलाधिकारी राजस्व कार्यों के साथ-साथ विशेषकर राजस्व वादों के निस्तारण की साप्ताहिक समीक्षा करें।

कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि 05 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित सभी राजस्व वादों का 15 अक्टूबर तक शत प्रतिशत निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा में पांच वर्ष से अधिक अवधि के राजस्व वाद लम्बित पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को चिहिन्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

डीएम ने गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि गत वर्षो के गांधी जयन्ती के कार्यक्रमों के अनुसार अभी से तैयारी शुरू कर दे। इस सम्बंध में शासन से शासनादेश प्राप्त होने पर अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर तक संचालित हो रहे विशेष सफाई अभियान में सभी विभाग अपने कार्यालयों, परिसरों इत्यादि का व्यापक साफ-सफाई कराते रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, महसी अखिलेश कुमार सिंह, नानपारा अश्वनी कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल व पूजा चौधरी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**विशेश्वरगंज, बहराइचः** दहेज हत्या के आरोपी सुनील कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम पंचायत के रमनगरा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि लवलेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्याम नरायण श्रीवास्तव निवासी पूरे दीननामगढ़ थाना इकौना श्रावस्ती की तहरीर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था, तभी से मुख्य आरोपी मृतका का पति फरार चल रहा था, बुधवार को गस्त के दौरान उप निरीक्षक अमित सिंह व हेड कांस्टेबल अभिषेक गौड़ थाना विशेश्वरगंज ने बड़ागांव नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एएसपी नगर ने थाने का किया निरीक्षण

**बहराइच :** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा ने बुधवार को थाना दरगाह शरीफ के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। लम्बित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। शेष अभियोगों का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी/गिरफ्तारी करने के साथ, थाना क्षेत्र में घटित हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने व यातायात नियमों का पालन कराने के दृष्टिगत चार पहिया/दो पहिया वाहनों में बिना नम्बर प्लेट, बिना हेलमेट, तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, लाल नीली बत्ती व प्रेसर हॉर्न आदि का चालान करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बैंको की नियमित रूप से चेकिंग करते हुए अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

### एनीमिया के खिलाफ किया जागरूक

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला जेल में एनीमिया के ख़िलाफ़ जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला कैदियों को इसके लिए जागरूक किया गया। डॉ. सीमा मोदी ने कहा कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं लेकिन समय से जागरूक नहीं हुए तो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी लखनऊ व टाटा ट्रस्ट द्वारा एनीमिया के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत महावारी स्वास्थ्य व स्वच्छता पर जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। अभियान के तहत महवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम में लगभग 50 महिला जेल बंदियों को खून की कमी से होने वाले समस्याओं पर जागरूक किया गया। टाटा ट्रस्ट से समाजसेवी पल्लवी, जेल अधीक्षक राजेश यादव, आयुष चतुर्वेदी ,नवनीत मिश्रा, डॉ. अमिता जैन रहीं।



2500 कंपनियों ने लगाए स्टाल

350 खरीदार पहुंच चुके हैं ट्रेड शो में



200 से अधिक कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम

04 दिन चलेगा रंगारंग कार्यक्रमों का दौर

## उत्तर प्रदेश के हुनरमंद



बरेली की अंजू।



बरेली की पिंकी।



लखनऊ के मो. फहीम और अकील।



संभल के शहादत हुसैन।



पीलीभीत के रिजवान।

# ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र.

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

विवेक सक्सेना, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल ट्रेड-शो के फलदाई आयोजन से अभिभूत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

**एमएसएमई की महत्ता बताई**

योगी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।



ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरुआत करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यहां होंगे अनेक कार्यक्रम

योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

### बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा प्रदेश

योगी ने बताया कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

### यूपी के उत्पाद, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा शो

ट्रेड शो मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर सीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

**वियतनाम के सहभागी बनने पर जताया आभार**

## देश-विदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में जहां देशभर की 2500 विभिन्न कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादन व संस्थान की विशेषताओं की जानकारियां दे रही हैं। वही संस्कृति विभाग ने यहां आने वाले लोगों को प्रदेश की लोक कलाओं से अवगत कराने व उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की है। बुधवार शाम प्रयागराज की प्रीति सिंह ने ढेढ़ीया नृत्य, बांदा के रमेश पाल ने पाई-डंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा ने फरुवाही नृत्य और नोएडा के गौरव नागर ने गुजरी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुक्ताकाशी मंच पर नोएडा की माधवी मधुकर नए भजन, वियतनाम के कलाकारों ने लोक नृत्य और कानपुर के अंकित तिवारी ने सुगम संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

- अयोध्या के शीतला प्रसाद ने फरुवाही नृत्य ने मन मोहा
- कानपुर के अंकित का सुगम संगीत रहा आकर्षण का केंद्र

गुरुवार को कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार मसकबीन, अयोध्या की सुनिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक नृत्य नाटिका, झांसी की वंदना कुशवाहा राई लोकनृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा मयूर, सोनभद्र के महेंद्र मादल और आजमगढ़ के उमेश कनौजिया धोबिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम वोलीबिया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेज़ुएला के कलाकारों द्वारा आईसीसीआर के माध्यम से सांस्कृतिक लोग गायन और प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय व लखनऊ की कनिका कपूर लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। 27, 28 व 29 सितंबर को पीलीभीत के बंटी राणा थारू लोकनृत्य, सोनभद्र की सुरतिया सिंहा लोकनृत्य, मथुरा के दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, गाजीपुर के सुनील धोबिया लोकनृत्य, झांसी के जीके शर्मा सैरा लोकनृत्य, अयोध्या की अराधना गौतम बधवा लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुवाही लोकनृत्य, अमेठी के त्रिपुरारी महाराज नटवरी नृत्य, प्रयागराज की बिना सिंह ढढ़ीया नृत्य और झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 27 सितंबर की शाम को मुक्ताकाशी मंच पर मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रिज के लोक गायन वाराणसी के विशाल कृष्णा शिव तांडव कथक नृत्य नाटिका और पवनदीप अरुणिता सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे। इसी मंच पर 28 की शाम लखनऊ की संजोली पांडे संस्कार गीत गायन, सहारनपुर की रंजना नेब कथक नृत्य (रामकथा नाटिका) व माधवा बैंड का कृष्ण भक्ति गायन होगा। शो के अंतिम दिन 29 सितंबर की शाम मुक्त काशी मंच पर महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोक गायन, आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नित्य नाटिका व डॉ.पलाश सेन यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति देंगे।

# चंदनपुर में मंडलायुक्त व डीएम ने लगायी चौपाल

पचपेड़वा बलरामपुर



चौपाल के दौरान थारू जनजाति के लोगों से वार्ता करते कमिश्नर व जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** थारू जनजाति ग्रामों में जनजातीय परिवारों का शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में तेजी लाए जाने एवं शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किए जाने का स्थलीय परीक्षण मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड पचपेड़वा के थारू जनजाति ग्राम चंदनपुर में चौपाल लगाकर किया गया।

मंडलायुक्त एवं डीएम द्वारा थारू जनजाति ग्रामों के प्रधानों, धात्री महिलाओं, महिला स्वयं सहायता समूह आदि से विस्तृत वार्ता की गई एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पोषाहार वितरण, बच्चो नियमित टीकाकरण, पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को नियमित राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड का लाभ, शिक्षा, विद्युत आपूर्ति, पेंशन योजना का लाभ, प्री स्कूल आदि बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने ग्राम में ही कैंप लगाते हुए पात्रों के पेंशन आवेदन फॉर्म भराए जाने का निर्देश बीडीओ को दिया। जन्म प्रमाण पत्र समय से निर्धारित समयावधि के भीतर बनाए जाने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया। मंडलायुक्त ने कहा की सभी आवश्यक प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय पर निर्धारित समयावधि के भीतर बनाई जाए, बेवजह आवेदन पत्र लंबित होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंडल आयुक्त एवं डीएम द्वारा थारू जनजाति विकास परियोजना विशुनपुर विश्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त महोदय ने प्रसुताओं को मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य सभी लाभ प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने थारू जनजाति संग्रहालय इमलिया कोडर का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीजीओ हिमांशु गुप्ता, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एसडीएम तुलसीपुर, तहसीलदार तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

- थारू जनजाति ग्रामों के प्रधानों एवं ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं
- कैंप लगाकर योजनाओं में पात्रों के आवेदन कराकर दें लाभ

# 15 लोगों ने किया रक्तदान



कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

**सादुल्लाहनगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा रेहरा बाजार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 15लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. उत्कर्ष मिश्रा प्रभारीचिक्तसाधिकारी रेहराबाजार, सतेन्द्र सिंह शानू सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मोनू सिंह, नब्वन वर्मा, संजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अनुराग सिंह, जुबेर, अनूप तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, लालमन वर्मा, अनिल कुमार, मनोज सिंह, सब्बू, ने एक- एक यूनिट रक्तदान किया। ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने रक्तदान दानियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, सासंद प्रतिनिधि यूपी सिंह, ब्लाक प्रमुख गैडास बुर्जुग राकेश तिवारी, भारत नरेश सिंह, हरिवंश सिंह मण्डल अध्यक्ष भाजपा रेहराबाजार, रमेश तिवारी, सहित डॉ सीपी श्रीवास्तव की मेडिकल टीम मौजूद रही।

## सार-संक्षेप

### गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जे की जांच शुरू



राजस्व टीम को अपनी खतौनी दिखाते पीड़ित दलित किसान।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के खाखादेई गांव में 18 दलित की जमीन पर दबंग भूमाफिया द्वारा किए गए कब्जे की जांच तहसील प्रशासन ने शुरू कर दी है। पीड़ितों का आरोप है कि प्रशासन उन्हें न्याय दिलाने में आनाकानी कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को तहसीलदार तुलसीपुर मौके की जांच करने गए थे पूछने पर तहसीलदार घासीराम ने बताया की विवादित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं दूसरी तरफ पीड़ित दलितों का कहना है कि यदि मामला विचाराधीन है तो आरोपी भूमाफिया अहसन खां उर्फ मुन्ना जमीन को बेंच कैसे रहे हैं। यही नहीं इन लोगों ने यह भी बताया कि हमारी जमीनों के साथ-साथ भू माफिया ने खलिहान व ग्राम समाज की जमीन को भी महंगे दामों में बेच डाला है। पीड़ितों का कहना है कि 27 साल पहले पट्टे के रूप में उन्हें जो सीलिंग की जमीन मिली है वह आज भी दबंग भूमि माफिया के कब्जे में है। वह लोग अपनी ही जमीन पर मजदूरी करने के लिए विवश हैं। मामले की शिकायत कई बार तुलसीपुर तहसील में की गई हर बार यही कहकर मामला टाल दिया गया कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें जो जमीन सरकार ने दी थी जिस जमीन के वह संक्रमणीय भूमिधर है वह जमीन आखिर है कहां और हम लोगों को कब मिलेगी। पीड़ितों ने प्रशासन पर मामले में लीपापोती करने का भी आरोप लगाया है। इन लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की न्यायिक जांच कराकर अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए तहसीलदार को मौके पर भेजा गया था पता चला है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है मामले की और जांच पड़ताल कराई जाएगी।

### भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को मिलेगा रोजगार परक प्रशिक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सैनिक कल्याण विभाग द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को रोजगारपरक कोर्सेज़ का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। योजनान्तर्गत इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, टैली और कम्प्यूटर फ़ैशन डिज़ायनिंग कोर्स कराये जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन सौरभ टण्डन ने बताया कि मुख्यालय द्वारा दिनाँक 30 सितम्बर, 2024 तक प्रशिक्षणार्थियों की सूची माँगी गयी है। उन्होंने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों से अपील की है कि यथाशीघ्र अपने आश्रितों का नामांकन कार्यालय में करा दें। नामांकन सैनिक कल्याण विभाग के व्हाट्सऐप ग्रुप तथा मोबाइल नंबर 7839553217 पर कॉल अथवा संदेश द्वारा भी कराया जा सकता है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर किसान घायल

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जोगिहवा गांव में बुधवार को खेत की रखवाली कर रहे 65 वर्षीय किसान तुलाराम थारू आकाशीय बिजली से झुलस कर घायल हो गए हैं। पास में मौजूद कमलेश थारू ने मामले की जानकारी पुलिस के परिजनो को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुलाराम को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। हल्का लेखपाल विनय कुमार ने बताया कि मामले की लिखित सूचना जिला आपदा प्रबंधन विभाग को दे दी गई है।

### कोमल व दीप्ति ने जीती मेहंदी प्रतियोगिता



मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल कॉलेज की छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार : एमएलके पी जी कॉलेज बलरामपुर में बुधवार को मेहंदी रचे हाथ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोमल शर्मा व दीप्ति पाण्डेय ने पहला स्थान प्राप्त किया। पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता की संयोजक प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया जबकि सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो. वीणा सिंह, डॉ अनामिका सिंह, सीमा पाण्डेय व प्रतीची सिंह ने एमए तृतीय सेमेस्टर की कोमल शर्मा को प्रथम व सिमरन कश्यप को द्वितीय तथा बीए पंचम सेमेस्टर की रोशनी नंदी को तृतीय तथा हर्षिता श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना। वहीं रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो.वीणा सिंह, डॉ अनामिका सिंह व प्रतीची सिंह ने बीए प्रथम की दीप्ति पाण्डेय को प्रथम, बीए पंचम की रोशनी नंदी को द्वितीय तथा बीए तृतीय के सुरेन्द्र यादव को तृतीय स्थान के लिए चुना। इस अवसर पर, डॉ साक्षी शर्मा, डॉ कृतिका तिवारी, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ अल्पना परमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दिलाई भाजपा की सदस्यता



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बैठक करते नगरपालिका अध्यक्ष।

**संवाददाता, बलरामपुर अमृत विचार :** पालिकाअध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु के नेतृत्व में कार्यक्रम बूथ संख्या 109, वार्ड संख्या 7 अचलापुर के निवासियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष डा धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि पं.उपाध्याय जी के विचारों में गांव, गरीब, किसान और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने का भी महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रासंगिक है। डीपी सिंह बैंस, कृष्ण गोपाल गुप्ता नगर अध्यक्ष, राजेश कश्यप सभासद, नंद लाल तिवारी सभासद, डॉ. विमल चंद्र त्रिपाठी, अंशुमाली भारतवंशी आईटी प्रमुख, राजेश प्रताप सिंह बबलू शक्ति केंद्र संयोजक सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

संवाददाता, बलरामपुर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता।

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जिले भर में भाजपाइयों ने धूमधाम के साथ मनाया। भाजपाइयों ने श्री उपाध्याय के आदर्श पर चलने की शपथ ली। इसी के साथ ही प्रत्येक मंडल के सभी बूथ पर बृहद सदस्यता अभियान चलाया गया।

सदर विधानसभा के अंतर्गत रेडवलिया के बूथ संख्या 424 व 425 पर आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक पलटू राम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कहाकि केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन की सरकार गरीबों के हित में कार्य कर रही है जिससे सभी लोग को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने की अपील की। इस अवसर पर जिला मंत्री सूरज सोनकर, मंडल अध्यक्ष गुमड़ी रामनिवास वर्मा, कर्ताराम वर्मा, प्रभु दयाल यादव, देवीदीन सोनकर, राजेश भारती सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में तुलसीपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत हड़पुर जनकपुर बूथ संख्या 307 पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में लोगों को बताते हुए कहाकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी। उनके द्वारा शुरू की गई पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी बन गई है। कहा कि बुधवार को विशेष सदस्यता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 120 लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई है। नगर मंडल के बूथ संख्या 94 में भाजपा नेता डॉक्टर अजय सिंह पिंकू के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस मनाया गया। श्री सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी दो लोगों ने भाजपा पार्टी बनाई थी। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, भूत अध्यक्ष सूर्यभान सिंह सभासद शुभम चौधरी रामनरेश सिंह राजेंद्र सिंह रिंकू विकास मोहित राहुल राजा बाबू केदार व शिवम मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**निर्देश** अराजक तत्वों तथा तस्करों पर पैनी नजर रखने की दी नसीहत

# त्योहार को लेकर डीआईजी ने मातहतों के कसे पेच

संवाददाता, बलरामपुर



रिजर्व पुलिस लाइन में मातहतों के साथ गोष्ठी करते डीआईजी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रिजर्व पुलिस लाइन्स मे उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के साथ जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी कर त्वरित कार्यवाही करने आदि के दृष्टिगत एक गोष्ठी रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बलरामपुर मे की गई।

इस गोष्ठी में विभिन्न बिन्दुओं जैसे- असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही, ब्लैक मनी संचरण पर रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर रोकथाम, अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम, इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधि/ तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस बल के साथ नियमित रुप से संयुक्त कॉम्बिंग/पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण आदि पर चर्चा की गयी। जनपद में आगामी त्योहार दुर्गापूजा, रामलीला, दशहरा आदि को शान्ति, सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने व आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाले, भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# किसान क्रांति यूनियन ने बीडीओ को सौंपा मांगपत्र



वीडियो को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के नेता। अमृत विचार

**सादुल्लाह, नगर बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय किसान क्रांति यूनियन के किसान नेताओं ने पांच सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ रेहराबाजार रजनीश कुमार शुक्ला को सौंपा। मांगपत्र मे विधवा / दिव्यांग /वृद्धा पेंशन के पात्रों को जांच कराकर लाभ दिलायें जाने, पी एम आवास के पात्रों का जांच कराकर दिलायें जाने, परिवार रजिस्टर का नकल दिलाये जाने की मांग की गई है। इन लोगों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर शीघ्र निस्तारण करायें जाने की मांग बीडीओ से की। बीडीओ ने किसान नेताओं को समस्या शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर सालिकराम, मो, इश्हाक, राधेश्याम व शेषराम सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।



विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था- सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुख्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है। ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही किशोरी को घर से उठाकर उसके साथ युवक ने 19 सितंबर को दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां की तहरीर पर युवक के विरुद्ध नाम जद केस पुलिस ने दर्ज कर लिया था। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने आरोपी युवक अभिषेक को मुडिला बाजार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बाइक चालक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बाइक से टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के बागसराय गांव निवासी जितेंद्र पांडेय ने बताया कि बीते 22 सितंबर शेषपुर गांव के पास उन्हें बुलेट चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई हैं। बुधवार को चोटिल के भाई संजय पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने सौरभ पांडेय निवासी पठखौली थाना मोतिगरपुर पर केस दर्ज किया है।

### लाठी-डंडे से पीटा, मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक व्यक्ति को लाठी डंडों से मारा पीटा है। जिससे वह गंभीर रुप चोटिल हो गया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के सरैया मुस्तफाबाद गांव निवासी अरविंद यादव ने बताया कि सोमवार की रात लगभग नौ बजे अपने नलकूप पर था। आरोप है कि इसी बीच विपक्षियों ने उन्हें लाठी डंडों से जमकर पीट दिया। जिससे उन्हें काफी चोटे आई हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही विजय कुमार यादव एवम अंकित यादव के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# दुराचार के दोषी को 10 साल कैद की सजा

## कोर्ट ने 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया, दो वर्ष पूर्व 16 साल की किशोरी से घर में घुसकर किया था दुराचार

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल पूर्व घर में घुसकर 16 वर्षीय किशोरी से दुराचार करने के दोषी शिवशंकर चौहान को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 21 अप्रैल 2022 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता के परिजन ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने घर में घुसकर दुराचार किया था तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी थी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।



दीवानी न्यायालय में मौजूद अधिवक्ता व वादकारी। अमृत विचार

### दुबई में नौकरी के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** एक बेरोजगार युवक से दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के ईदगाह घरहां खुर्द निवासी अरशद अजीज ने आरोप लगाया कि जुलाई 2018 में अफलाक ट्रेवेल्स दुबई नामक वेबसाइट के माध्यम से उसने नौकरी के लिए आवेदन किया, जिसके बाद उसे दुबई भेजने के बहाने विभिन्न किस्तों में 15 लाख रुपये वसूल लिए गए। ठगों ने फर्जी वीजा देकर उसे एयरपोर्ट भेजा, जहां धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने कई बार पुलिस और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन

**▸▸ कोर्ट ने 3 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के दिए आदेश**

कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः युवक ने अधिवक्ता इमरान हुसैन के जरिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। सीजेएम नवनीत सिंह ने आरोपी अफलाक अहमद, हाजी मो. मुमताज शेख, राहुल सोनकर के खिलाफ प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। अदालत ने थानाध्यक्ष कोतवाली नगर को सुसंगत धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### हत्या के आरोपी को राहत, जमानत पर रिहा

गोसाईगंज थानाक्षेत्र के ऊघड़पुर में बीते साल नौ वर्षीय बालक के अपहरण व हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी शिवम दूबे को जिला जज जय प्रकाश पाण्डेय ने उसकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर कर रिहा करने का आदेश दिया है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के ऊघड़पुर में 7 दिसंबर 2023 को वादी मुकदमा राघवराम गांव के ही पट्टीदार शिवबहादुर की पत्नी की तेरहवी कार्यक्रम में गये थे जहां उनका नौ साल का पुत्र विवेक गायब हो गया। काफी खोजबीन पर जब वह नही मिला तब वादी ने गांव के ही आदित्य, सत्यम, शिवम और प्रियांशु शुक्ल के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया। दौरान तफ्तीश इन्हे पुलिस ने तीन को क्लीन चिट दे दी जबकि शिवम दूबे तथा दो बाल अपचारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। शिवम दूबे पर अपहरण और हत्या का आरोप था। विवेक की लाश गांव के मंदिर के पास हौदे में मिली थी। पुलिस द्वारा की गई विवेचना में शिवम और दो अन्य आरोपियों ने हत्या की बात कबूल की थी, लेकिन अदालत ने इस जुर्म स्वीकारोक्ति को पर्याप्त नहीं माना। बचाव पक्ष के चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल तारकेश्वर सिंह व अंजली ने दलील दी कि आरोपी को झूठे मामले में फंसाया गया है। जिला जज ने दोनो पक्ष को सुनने के बाद आरोपी शिवम की जमानत मंजूर कर ली है।

### पूर्व विधायक अनूप संडा मामले में दरोगा का बयान दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिसकर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में बुधवार को अभियोजन गवाह अपर आयुक्त ट्रैफिक लखनऊ शिवाजीत सिंह का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप सण्डा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं, महामारी अधिनियम से जुड़े अन्य मामले मे पूर्व विधायक अनूप संडा ने कोर्ट में हाजिर होकर जमानत कराई। वहीं, केएनआई कस्बे के पास बिना अनुमति जन सभा करने के मामले में पूर्व विधायक पर कोर्ट ने आरोप तय किए।

### कोर्ट परिसर में मारपीट, जान से मारने की धमकी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** दीवानी न्यायालय के वकील हरीराम चतुर्वेदी के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बुधवार को लगभग साढ़े 11 बजे एमएसीटी न्यायालय में हुई। अधिवक्ता हरिराम चतुर्वेदी ने आरोप लगाया है कि अधिवक्ता भीमसेन चौरसिया और उनकी महिला सहयोगी ने चतुर्वेदी से वकालतनामा दाखिल करने से मना किया। जब उन्होंने मना करने पर विरोध किया तो भीमसेन और उनके सहयोगियों ने गाली-गलौज करते हुए चतुर्वेदी और उनके साथी यश तिवारी को लात-घूंसों और कुर्सियों से पीटा। यश तिवारी के सिर में गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर पर कोतवाली नगर में मामला दर्ज कर जांच जारी है। वही भीमसेन चौरसिया ने भी बार अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर हरिराम चतुर्वेदी पर कार्रवाई की मांग की है।

# दिलशाद की जमीन कुर्क तो शू स्टोर कुर्की से बचा



कुर्की की कार्यवाही के दौरान नापजोख करती राजस्व टीम। अमृत विचार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** एसडीएम सदर व तहसीलदार ने बकाएदारों के खिलाफ वसूली का अभियान चला रखा है। एक प्रतिष्ठान पर जब वसूली टीम पहुंची तो उसने बकाए की कुछ धनराशि दे कुछ दिनों की मोहलत ले ली। वही टीम जब दूसरे स्थान पर पहुंची तो बकायेदार की जमीन पर झंडी लगा कुर्क कर दिया।

बुधवार को एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी के आदेश पर तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने वसूली की टीम गठित की। गठित टीम में नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार राजस्व संग्रह टीम के साथ राजस्व वसूली पर निकले। टीम चैंपियन शू स्टोर पर पहुंची जिसका व्यापार कर पांच लाख का बकाया था। टीम ने जब कुर्की की कार्यवाही शुरू की तो स्टोर मालिक ने आनन फानन एक लाख रुपए

**सख्ती**

**▸▸ एसडीएम सदर के निर्देश पर नायब तहसीलदार और संग्रह अमीनों ने की कुर्की की कार्यवाही**

जमा करते हुए बाकी पैसे के लिए समय मांगा। नायब तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों से बात उसे कुछ दिनों का समय दिया। इसके बाद टीम पाचोपीरन निवासी दिलशाद के घर पहुंची। दिलशाद के ऊपर कुटुंब न्यायालय का एक लाख 39 हज़ार बकाया चल रहा था। जिस पर टीम ने उसकी जमीन कुर्क कर दी। टीम में संग्रह अमीन भृग देव तिवारी, सत्य नारायण यादव, राजेश गुप्ता, देव राज व सुनील त्रिपाठी शामिल रहे। तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी ने बताया कि वसूली का एक लाख रुपए जमा करा दिया गया है। वही दिलशाद की जमीन कुर्क कर झंडी लगवा दी गई है।

### सड़क हादसे में दो घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बुधवार की दोपहर दो बाइक सवार को अज्ञात वाहन की टक्कर मार दिया। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टोलवा गांव निवासी पप्पू पुत्र आनन्द सिंह और मधुबन गांव निवासी प्रमोद पुत्र मुन्नीलाल अलग-अलग बाइक से लखनऊ बलिया राजमार्ग के रास्ते गोसाईगंज बाजार की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब बारह बजे जैसे ही दोनों इटकौली के समीप पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा में जा रही अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दिया। पक्की सड़क पर गिरने से दोनों का हाथ पैर टूट गया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने स्थानीय लोगों को मदद से घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज भिजवाया। जहाँ चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का इलाज चल रहा है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। थानाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली हैं। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट गेट पर समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सर्राफा के यहां हुई दिन दहाड़े डकैती में शामिल अपराधियो के एनकाउंटर का विरोध करते हुए प्रदेश सरकार व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समाजवादी छात्र जब जुलूस बना कर कलेक्ट्रेट में जा रहे थे तो पुलिस ने गेट बंद कर लिया। जिसके चलते समाजवादी छात्रों व पुलिस में धक्का मुक्की हुई। सिटी मजिस्ट्रेट ने आक्रोशित छात्रों को समझा बुझा एक प्रतिनिधिमंडल अंदर ले गए जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।





कलेक्ट्रेट गेट पर सिटी मजिस्ट्रेट के साथ नोकझोंक करते सपा कार्यकर्ता।

बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष राम प्रकाश मौर्य दर्जन भर साथियों के कलेक्ट्रेट पहुंचे। पहले से ही मौजूद सिपाहियो ने गेट बंद कर लिया तो छात्र आक्रोशित हो गेट के अंदर जाने के लिए पुलिस से भिड़ गए। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह कोतवाली देहात सत्येंद्र कुमार सिंह, बंधुआ कला निरीक्षक व अन्य सिपाहियो ने उन्हें रोका। मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट ने आक्रोशित छात्रों से

- **एनकाउंटर को लेकर सरकार व पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी**
- **राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**

वार्ता कर एक प्रतिनिधि मंडल अंदर ले गए। जहा जिलाध्यक्ष ने राज्य पाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। छात्रों की मांग थी कि कालेजों की बढ़ी फीस वापस की जाये। छात्र संघ का चुनाव फिर से कराया जाए। सरकार को पीडीए परिवार ही गुनहगार दिखाई देता है इस मानसिकता पर रोक लगाई जाए। उत्पीड़न को रोका जाये नहीं तो हम सब सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर सुफियान, साहिल, रविंद्र सहित दर्जनों लोगों मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस वे जाम करने वाले 64 नामजद व 60 अज्ञात पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के पसिया पारा निवासी छात्र लवकुश धुरिया को बस ने कुचल दिया था। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

मामले में गुस्साए ग्रामीणों व परिजनों ने पहले तो रोड जाम किया। अपनी मांगों को मनवाने के लिए ग्रामीण, परिजन व छात्र पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। बचाव के बाद भी दोस्तपुर थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी मामूली रुप से चोटिल हो गए। वहीं एक राहगीर का वाहन टूट गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी

**▸▸ एक्सप्रेस-वे जाम करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

कादीपुर विनय गौतम ने लोगों को समझा बुझाकर विधिक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को खाली कराया। वहीं जाम की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंच गए थे। क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गयी है। आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं 64 नामजद तो 60 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक का चालान करते हुए न्यायालय भेजा गया है। आरोपित बस थाने में खड़ी है।

## सार-संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने रखी नाले की आधारशिला

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर क्षेत्र के चांदपुर मुइली मार्ग पर विशुनदासपुर गांव में जल भराव की समस्या को देखते हुए बुधवार को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने सड़क के किनारे एक नाले के निर्माण की निर्माण की आधारशिला रखी।



नाले की आधारशिला रखते जिपं प्रतिनिधि। अमृत विचार

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर सूरज कुमार ने बुधवार को चांदपुर मुईली सड़क मार्ग पर विसुनदासपुर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत निधि से जलनिकासी के लिए एक नाले की आधारशिला रखी। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा सूरज कुमार ने नाले की आधारशिला रखते हुए कहा कि कई सालो से गांव में सड़क पर अक्सर जल जमाव रहता है। इस समस्या के निस्तारण के लिए लोगों की मांग पर करीब आठ लाख से अधिक की लागत से 200 मीटर नाले का निर्माण कराया जाएगा। जिससे यहां जल भराव की समस्या से लोगो को राहत मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान लल्लन यादव, ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह, शरद सिंह, राम मनोहर दुबे, संदीप सोनी, मेवालाल यादव, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

### आप के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को छात्र लवकुश की सड़क दुर्घटना में हुई मौत व सड़क निर्माण के संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बढौली से लेकर नैनपुर घाट तक को जाने वाली सड़क बीते कई महीने से गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिस पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मंगलवार को विद्यालय जा रहा छात्र लव कुश भी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया और बस को चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने एवं सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है। सड़क का निर्माण न होने पर आंदोलन की जाने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम, रामसूरत शर्मा, संगम अग्रहरि, लालजी मौर्य, अरविंद सहित अनेक कार्यकर्ता रहे।

### पुत्रों की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा व्रत, की पूजा

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार की शाम दुर्गा मंदिर प्रांगण व पुरानी बाजार में ज्युतिया पुत्रिका निर्जला व्रत पर महिलाओं ने पुत्रों की लम्बी उम्र के लिए पूजन किया। दिन भर अन्न जल का त्याग कर माताओं ने ज्यूतिया व्रत पर इकट्ठी होकर पुत्रों की लम्बी उम्र के लिए ज्यूतिया माता को चीनी लड्डू, नारियल, रक्षा सूत्र, पांच फल मिष्ठान्न आदि चढ़ाकर विधिवत पूजा अर्चना की। महिलाओं ने बताया कि यह व्रत सुबह से अन्न जल त्याग कर किया जाता है। यह व्रत पुत्रों के लम्बी उम्र के लिए की जाती है। इस अवसर पर सरिता अग्रहरि, बेबी अग्रहरि, वंदना बरनवाल, कीर्तन बरनवाल, कलावती सिंह, रेनू सिंह, गायत्री सोनी, आभा सिंह, नीलम, निशा मोदनवाल, गीता अग्रहरि, चिंता अग्रहरि, सरिता गुप्ता सहित महिलाएं उपस्थित रहीं।



पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनाव का बिगुल बजा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में सहकारी गन्ना विकास समितियों के निर्वाचन का चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

जिले में तीन सहकारी गन्ना विकास समितियां सहकारी गन्ना विकास समिति लि सुलतानपुर, सहकारी गन्ना विकास समिति लि वेलवाई व किसान सहकारी चीनी मिल्स लि सुलतानपुर है। सबसे पहले इनमें सामान्य निकाय का गठन किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। निर्वाचन अधिकारी व सहायक निबंधक सहकारिता अंजनी कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक सहकारी गन्ना विकास समिति लि सुलतानपुर में कुल 8,662 मतदाता, सहकारी गन्ना विकास समिति लि वेलवाई में 12,364 मतदाता वही

**▸▸ निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती व मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, आज है नामांकन**

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि सुलतानपुर में 18,528 मतदाता पंजीकृत हैं। बुधवार को सभी समितियों के सामान्य निकाय के चुनाव के लिए मतदाताओं की सूची का अनंतिम प्रकाशन कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी व सहायक निबंधक सहकारिता अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति लि सुलतानपुर के लिए जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, सहकारी गन्ना विकास समिति लि वेलवाई के लिए कादीपुर तहसीलदार घनश्याम भारती तो किसान सहकारी चीनी मिल्स लि सुलतानपुर के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना जयसिंहपुर के मैधन गांव निवासी दीपक अग्रहरी ने अपनी बहन रिया अग्रहरी (27) की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व करौंदीकला के बृजेश अग्रहरी पुत्र सत्यनारायण अग्रहरी के साथ की थी। बुधवार सुबह बृजेश ने लड़की के घर फोन कर बताया कि रिया ने फांसी लगा लिया है और उसकी मौत हो गई है। बहन की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे भाई दीपक अग्रहरी ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# 65 केंद्रों पर होगी धान खरीद

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में एक नवंबर से धान की खरीद प्रारंभ होगी। जनपद सुलतानपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत कृषकों द्वारा उत्पादित धान खरीद के लिए 65 क्रय केन्द्र खोले जाएंगे। वही 22 धान क्रय केंद्र अभी प्रस्तावित है। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बीते वर्ष से 117 रुपए अधिक किया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर कामन धान 2300 रुपए प्रति कुंतल व ग्रेड वन धान 2320 रुपये प्रति कुंतल



संजय कुमार पांडेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी। अमृत विचार

- **ग्रेड वन धान 2320 रुपये प्रति कुंतल खरीदा जाएगा**

खरीदा जाएगा। इसके लिए जिले में खाद्य विपणन के 28, पीसीएफ के 25, पीयूसी के 09, एफसीआई के दो, व मंडी समिति के एक केंद्र कुल मिलाकर 65 क्रय केन्द्र बनाये गये हैं। विभाग को इस

> बीते वर्ष निर्धारित लक्ष्य का 96फीसदी खरीद हुई थी इस बार लक्ष्य 20 हजार एमटी बढ़ा है पूरा कर लिया जाएगा। सभी केंद्रों पर आवश्यक सामग्री भेजी जा रही है। -**संजय कुमार पांडेय**, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

बार एक लाख 14 हजार एमटी का लक्ष्य मिला है। बीते वर्ष विभाग को एक लाख 20 हजार एमटी का लक्ष्य मिला था। जिसमे विभाग ने एक लाख 13 हजार एमटी धान की खरीद की थी। बीते वर्ष 43 राइस मिलर्स से अनुबंध था। इस बार के लिए अभी सत्यापन चल रहा है।

**आयोजन** — **फार्मासिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिता के साथ किया गया पौधरोपण**

# केएनआई के फार्मेसी संकाय में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 25 सितम्बर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के फार्मेसी संकाय में मनाया गया। इसका उद्देश्य फार्मासिस्टों के चिकित्सा में योगदान को पहचानना और उनके कार्यो को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) महेश प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि इस वर्ष की थीम 'फार्मासिस्टः वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना' है। जो फार्मासिस्टों की भूमिका को एक नई दिशा प्रदान करती है। फार्मासिस्ट न केवल दवाओं के विशेषज्ञ होते हैं, बल्कि



प्रतियोगिता में प्रमाण-पत्र के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

वे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। उनका कार्य सिर्फ दवाएं प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि रोगियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित सही जानकारी देना, दवाओं के सही उपयोग के बारे में जागरूक करना और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना भी है। साथ ही उन्होंने बताया फार्मासिस्टों का एक महत्वपूर्ण कार्य स्वास्थ्य शिक्षा में योगदान देना है, जिससे लोगों को स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी मिलती है। इस मौके पर संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्लोगन लेखन, पेंटिंग, माडल मेकिंग, रंगोली, पोस्टर, क्विज, निबंध लेखन आदि आयोजित की गयी। पोस्टर प्रेजेंटेशन में बी फार्मा सेकेंड ईयर की शैल गुप्ता प्रथम स्थान, निबंध लेखन में बी फार्मा फाइनल ईयर के आशीष सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली कार्यक्रम में बी फार्मा के श्रेया सिंह, शिफा, पायल ने प्रथम स्थान हासिल किया, मॉडल मेकिंग बी फार्मा फाइनल ईयर में अंकित मौर्य और अमन श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान हासिल किया। फार्मा क्विज में डिप्लोमा सेकेंड ईयर के अभिषेक शुक्ला ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा मेमोरी गेम में डिप्लोमा सेकेंड ईयर के आशुतोष तिवारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर सभी छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा संस्थान स्तर पर पौधारोपण भी किया गया।

## किराने की दुकान पर चोरों ने किया हाथ साफ

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थनीय थाना के ऐनपुर बाजार में किराना की दुकान पर दिन दहाड़े चोरों ने नकदी व किराने के समान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। वहीं चाक-चौबंद पुलिस को चोरी की भनक तक न लगी। ऐनपुर बाजार में जितेंद्र सिंह की अपनी किराना की दुकान और मकान है, बुधवार की दोपहर में अपनी किराना की दुकान से गाय के लिए हरा चारा लेने खेत चले गए थे। इसी बीच घात लगाए बैठे चोरों ने दुकान पर रखे पांच लीटर सरसो का तेल और आठ लीटर रिफाइंड तेल सहित दराज में रखे चार हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दिया है।



पंडित दीनदयाल को पुष्प अर्पित करते भाजपाई। अमृत विचार

### जयंती पर याद किये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा बल्दीराय पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। इसौली विधानसभा क्षेत्र के मंडल बल्दीराय में बूथ संख्या 25 नंदौली पर पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। साथ ही साथ लोगों को 8800002024 पर मिस कॉल कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया गया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक जगदीश मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष सुषमा द्विवेदी, मंडल मंत्री श्रीराम मौर्य, अमर बहादुर विश्वकर्मा, राजकुमार सोनी, रामधीरज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# फाइलों में धूल फांक रही जनपद मुख्यालय के अयोध्या से जुड़ने की आस

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पिछले वर्ष जनवरी को जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ तो जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद मुख्यालय को अयोध्या के प्रतीक चिन्हों से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार करा दिया। प्रस्ताव में जनपद मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह राम लला, हनुमान जी और राम परिवार की प्रतिमाओं को स्थापित कराया जाना था। इसके साथ ही खलीलाबाद के सरैया बाईपास, नेदुला चौराहा, मेंहदावल बाईपास चौराहा, मुखलिसपुर चौक और बिधियानी मोड़ आदि चौराहों की सड़कों का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण शामिल था। इसके पीछे पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार आदि क्षेत्रों से अयोध्या की तरफ जाने वाले यात्रियों को इस बात का एहसास कराना था कि वे श्रीराम की जन्मस्थली के आसपास पहुंच चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा लगभग छह माह पूर्व तैयार कराया गया प्रस्ताव कार्यालयों में धूल फांक रहा है। अमल के नाम पर महज मेंहदावल बाईपास से मेंदावल रोड की सड़क की दोनों पटरियों पर पाथ-वे का निर्माण करा दिया गया है। इसके अलावा बाईपास पर स्थित फ्लाईओवर का रंग रौगन करा दिया गया है। इसके अलावा कोई भी कार्य धरातल पर नहीं उतर सका है। राम और भक्त हनुमान जी की मूर्तियां लगने का काम अभी तक खटाई में पड़ा हुआ है। इनमें से तमाम काम कराने की जिम्मेदारी नगरपालिका के भी जिम्मे है। लेकिन नगरपालिका द्वारा भी निर्माण को लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। प्रस्तावों को अमलीजामा पहना दिया जाता तो जिले में पर्यटकों का आवागमन काफी बढ़ जाता। जिले के मगहर में स्थित कबीर दास की निर्वाण स्थली, महाभारत कालीन शिव मंदिर तामेश्वरनाथ और ऐतिहासिक बखिरा झील पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन जाते और जिले की आय बढ़ जाती। पर्यटकों का आवागमन बढ़ जाने से रोजगार के तमाम अवसर भी पैदा हो जाते। अब देखना यह है कि प्रस्ताव को आखिर कब तक अमलीजामा पहनाया जाता है।



सुंदरीकरण की राह देखती मेंहदावल चौक से बाईपास को जोड़ने वाली सड़क।

### शीघ्र ही बदला हुआ दिखेगा मुख्यालय का नजारा



जनपद मुख्यालय के मेंहदावल बाईपास का कायाकल्प आखिरी चरण में है। यहां सड़क का चौड़ीकरण, रंग-रोगन और फव्वारा लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अन्य चौराहों का सुंदरीकरण भी शीघ्र ही शुरू कराया जाएगा। जनपद मुख्यालय को अयोध्या धाम के प्रतीक चिन्हों से जोड़ने के पीछे जिले में पर्यटन की सम्भावनाओं का विकास कराना है। पर्यटकों का संतकबीरनगर में ठहराव होगा और उन्हें संत कबीर दास, बखिरा झील, ऐतिहासिक तामेश्वरनाथ मंदिर के बारे में करीब से जानने और दर्शन करने का अवसर मिलेगा और उससे संतकबीरनगर की प्रसिद्धि और आय में बढ़ोतरी होगी। **–महेंद्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी, संतकबीरनगर**

## एक नजर

### हज यात्रा के लिए 30 तक करें आनलाइन आवेदन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने सचिव और कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुए बताया है कि हज यात्रा के आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 23 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितम्बर कर दी गई है। उन्होंने हज यात्रा पर जाने वाले हज आवेदकों को सूचित किया है कि जनपद के इच्छुक ऐसे हज आवेदक हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट-https://hajcommittee.gov.in पर 30 सितम्बर तक ऑनलाइन हज आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के लिए वही लोग आवेदन कर सकते हैं जिनका भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 30 सितम्बर 2024 से पूर्व जारी हुआ हो और उसकी वैधता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक हो।

### पढ़ाई के साथ तकनीकी व रोजगारपरक शिक्षा मिलेगी

**बस्ती, अमृत विचार।** जिले के 639 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के साथ छात्र-छात्राओं को तकनीकी व रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। इसके तहत प्रथम चरण में चयनित विद्यालयों में एक-एक तकनीकी अनुदेशक की तैनाती की जाएगी। तकनीकी अनुदेशक छात्र-छात्राओं को चार ट्रेड का प्रशिक्षण देंगे। इनमें इंजीनियरिंग एंड वर्कशाप, एनर्जी एंड एंवायरमेंट, एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग तथा होम एंड हेल्थ ट्रेड शामिल है। अनुदेशक विद्यार्थियों को इन ट्रेडों का प्रशिक्षण देंगे। परिषदीय विद्यालय के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में दक्ष किया जाएगा। प्रथम चरण में जिले के उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय का चयन लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के तहत किया गया है। बीएसए अनूप कुमार ने बताया कि तकनीकी अनुदेशकों की तैनाती की जाएगी। ये बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा से दक्ष करेंगे। इसके लिए सेवा प्रदाता के माध्यम से तकनीकी अनुदेशकों का चयन किया जाएगा।

# प्रसूताओं और नवजात के वार्ड में एएनएम ने बाहर से जड़ा ताला

## करीब ढाई घंटे तक बंधक बन रहे मरीज, बच्चे व तीमारदार

संवाददाता, बस्ती

**मनमानी**

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा की घटना, पुलिस ने खुलवाया ताला
- प्रसव कराने को लेकर एएनएम और स्टाफ नर्स के बीच हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा में प्रसव कराने को लेकर एएनएम और स्टॉफ नर्स के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। स्टाफ नर्स से नाराज एएनएम ने प्रसव के बाद महिला वार्ड (जेएसवाई) में भर्ती की गई प्रसूता, नवजात समेत तीमारदारों को ताले में बंद कर दिया और खुद बाहर कुर्सी लगाकर बैठ गई। लगभग ढाई घंटे तक प्रसूता अपने परिजनों के साथ वार्ड में बंद रही। परिजनों को डायल 112 को फोन करना पड़ा। बाद में पहुंची पुलिस ने ताला खोलवाया।

कुदरहा पीएचसी पर उस समय एक नाटकीय घटनाक्रम सामने आया जब एक यहां तैनात एक स्टॉफ नर्स ने एक गर्भवती की डिलीवरी कराई। हुआ यह कि कुदरहा ब्लॉक के पियारेपुर निवासी रविंद्र की पत्नी गुंजा को प्रसव पीड़ा के दौरान दिन में 11 बजे पीएचसी पर लाया गया। उन्हें स्टॉफ नर्स मंजू की देखरेख में भर्ती करा दिया गया। दो बजे स्टॉफ नर्स मंजू की ड्यूटी खत्म हो गई। इसके बाद एएनएम विनोद सिंह की ड्यूटी शुरू हो गई। लेकिन, गर्भवती के परिजनों ने स्टॉफ नर्स मंजू को डिलीवरी कराकर जाने का का अनुरोध करते हुए रोक लिया। उधर लेबर रूम में एएनएम विनोद सिंह एक अन्य महिला का प्रसव करा रही थी। दर्द से कराहती महिला का आवाज सुनकर गुंजा डर गई। उनकी देखरेख कर रही स्टॉफ नर्स मंजू ने महिला वार्ड में ही उनका प्रसव करा दिया। इसकी जानकारी जैसे ही एएनएम विनोद सिंह को हुई वह महिला वार्ड में पहुंचकर स्टाफ नर्स मंजू और तीमारदारों पर भड़क उठी। खरी खोटी सुनाते हुए उसने महिला वार्ड का दरवाजा बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया। वार्ड के बाहर खुद कुर्सी लगाकर बैठ गई। वार्ड के भीतर प्रसूता, नवजात और तीमारदार परेशान होते रहे। अंधेरे में गर्मी से परेशान होकर लोग चिल्लाने लगे। लेकिन, एएनएम ने दरवाजा नहीं खोला। परिजनों ने मजबूर होकर डायल 112 पर इसकी सूचना दी। इसके कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने ताला खोलवाया। लगभग ढाई घंटे तक प्रसूता और उनके परिजन ताले में बंद रहे। बाद में प्रभारी एमओआईसी डॉ. अश्विनी यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से वार्ता कर मामला रफा- दफा कराया।

## प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए नहीं मिली जमीन

**बस्ती, अमृत विचार।** जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण मार्च तक होना है। लेकिन, अभी तक जमीन का चिन्हांकन नहीं हो पाया। पंचायत राज विभाग ने चारों तहसीलों से यूनिट निर्माण के लिए जमीन की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले पॉलीथीन कचरे के निस्तारण के लिए सभी 14 ब्लॉकों में एक-एक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण होना है। प्रत्येक यूनिट के निर्माण पर सरकार करीब 16 लाख रुपये खर्च करेगी। ब्लॉक स्तर पर स्थापित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे की रिसाइकिल होगी। इसके बाद इसका प्रयोग सड़क बनाने सहित अन्य कार्यों में किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक राजा शेर सिंह ने बताया कि मिशन के फेज-2 के तहत ओडीएफ प्लस गतिविधियों में प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन होना है।





हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते एडीजे महेंद्र कुमार सिंह।

## अधिकारों की रक्षा के लिए कानून की होनी चाहिए जानकारीः एडीजे

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा तभी की जा सकती है जब व्यक्ति को कानून की जानकारी हो। इसकी अज्ञानता में ही व्यक्ति शोषण का शिकार होता है। किसी भी कार्यस्थल पर जहां महिला कर्मियों की संख्या 10 या उससे अधिक है वहां कानून के तहत आंतरिक सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के द्वारा पूछे गए तमाम प्रश्नों का जबाव देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकरण के द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न विधिक सेवाओं के बारे में बताते हुए लोक अदालत, पुलिस चालान और विधि के सामान्य पहलुओं के बारे में जानकारी दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार ओझा, एनसीसी के चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, पुनीत त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 1 नवंबर से जिले के 54 केंद्रों पर शुरू होगी धान की खरीद

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** शासन की ओर से समर्थन मूल्य योजना के तहत धान खरीदने का लक्ष्य प्राप्त हो चुका है। आगामी 1 नवंबर से जिले के 54 खरीद केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जाएगी।

यह जानकारी जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी कमलेश सिंह ने दी। बताया कि इस वर्ष जिले में 40 हजार टन धान की खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। पिछले वित्तीय वर्ष में सामान्य धान की दर 2183 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया गया है। जिसके चलते धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। उन्होंने बताया कि आगामी एक नवंबर से 28 फरवरी के बीच 54 खरीद केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जाएगी। निर्धारित खरीद केंद्रों में खाद्य विभाग के 35, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ) के 11, उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन के 5, एफसीआई के एक और मंडी समिति के दो खरीद केंद्र शामिल हैं। बताया कि राइस मिलों में कुटाई के बाद तैयार चावल को भारतीय खाद्य निगम के डिपो तक पहुंचाने के लिए लगभग 5.50 लाख बोरियों की आवश्यकता पड़ेगी।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कुशीनगर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रसव, टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, आशाओं के द्वारा होम विजिट, डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार का जायजा लिया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। खड्डा नदी पार के बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा दौरान स्थिति खराब होने पर संबंधित से पूछताछ की गई तथा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण अभियान चलाकर टीका लगाने, आईडी जेनरेट कर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा की 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान एवं 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 1 अक्टूबर तक चलने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी ईओ, डीपीआरओ, एमओआईसी, समस्त बीडीओ अपने क्षेत्र के चिन्हित 1029 ग्राम सभाओं में हॉटस्पॉट्स, अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, बाजारों व हाटों के आसपास सफाई अभियान चलाते हुए विशेष साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें साथ ही सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की सफ़ाई व्यवस्था पर भी ध्यान दें। जिला चिकित्सालय में लगातार सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। निविदा के संदर्भ उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि सभी निविदा समय से हों।पिछले वर्ष के कमिटेड कार्य जो अभी भी अवशेष है, उन्हे शीघ्र पूर्ण किया जाए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर सभी उपकरण सहित दवा उपलब्ध होने चाहिए। अभियान के अन्तर्गत जो आशा या एएनएम अपना कार्य उचित प्रकार से नहीं कर रही है, उन पर कार्यवाही भी किया जाए। सभी एम ओ आई सी को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित करें एवं सरकारी अस्पतालों में प्रसव हेतु प्रेरित भी करने के निर्देश दिए।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया विश्व फर्मासिस्ट दिवस

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सूर्या कालेज ऑफ फार्मेसी मीरगंज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। कॉलेज के अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं के साथ केक काटा। छात्र-छात्राओं ने मेडिकल के क्षेत्र को लेकर विविध प्रस्तुतियां दी। प्रबंधक डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी ने निदेशिका सविता चतुर्वेदी के साथ पहुंचकर छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जीपीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजेश शाही, शुभी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य चिंतामणि उपाध्याय, सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी खलीलाबाद के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक नितेश द्विवेदी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथि डॉ बृजेश शाही ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मरीज के लिए फार्मासिस्ट की बेहद अहम भूमिका होती है। मरीज के स्वास्थ्य लाभ के लिए फार्मासिस्टों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान गीतांजलि शुक्ला, हिमानी साहनी, सिदरा जया, इंद्रजीत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### छापेमारी कर दो अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर किए सील

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी हाटा व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने नगर में अवैध रूप संचालित हो रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों की छापेमारी कर दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील किया गया। बुधवार को हाटा उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर में छापेमारी करते हुए अवैध रूप से संचालित बाला जी व देव अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। उपजिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की भनक लगते ही कई पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर व कुछ मेडिकल संचालक दुकानों का शटर डाउन कर भाग गए। टीम ने दोनों सेंटरों के संचालकों से दस्तावेज दिखाने को कहा तो वह नहीं दिखा पाया और न ही कोई रेडियोलॉजिस्ट मौजूद रहा और न ही सही जानकारी दे पाया। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ अवधेश कुशवाहा ने अल्ट्रासाउंट मशीन व अन्य उपकरण को जब्त कर सेंटर सील कर दिया। जांच के दौरान संचालक द्वारा टीम के साथ अभद्र व्यवहार के साथ राजकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में थाने में तहरीर भी दी गयी।

### तीन दिवसीय स्काउट शिविर का हुआ समापन

**बस्ती, अमृत विचार।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती द्वारा संचालित तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन जी.आर.एस. इंटर कॉलेज बस्ती में जिला सचिव लीडर ट्रेनर कुलदीप सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड एक अनुशासनशील संस्था है जो बच्चों का शारीरिक मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से विकास करने में सहायता करती है, इससे पूर्व कुलदीप सिंह, प्रधानाचार्य व जिला स्काउट कमिश्नर स्काउट हरिराम बंसल ने दीप प्रज्वलित करते हुए सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन टेंट पिचिंग, गैजेट निर्माण, एडवेंचर, फूड प्लाजा, पाक विद्या आदि की जानकारी दी गई।

# धूमधाम से मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचारः** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पडरौना, कसया, हाटा, रामकोला, खड्डा, सहित जनपद के सभी बूथों पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ महा सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथों पर जाकर पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सांसद विजय कुमार दुबे ने हाटा विधानसभा के डुमरी मलाव में पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधरोपण किया।

कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के नेतृत्व में क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में लोगो ने बीजेपी का सदस्यता ली। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रजल्लीत किया गया। विधायक की अगुवाई में कुड़वा दिलीपनगर, सिसई, प्रेमवलिया साढ़ी खुर्द, शामपुर हतवा, बाड़ी पुल समेत दर्जनों विभिन्न गांवों में बूथों पर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कार्यकर्ताओं संघ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के किया। नगर सहित क्षेत्र में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपदीय कमेटी के साथ पार्टी के जिला कार्यालय पर केक काटकर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई और विचार गोष्ठी का आयोजन किया। नगरपालिका खलीलाबाद के चेयरमैन जगत जायसवाल ने खलीलाबाद के मोतीनगर मोहल्ले में पं दीनदयाल की जयंती मनाने के साथ ही सदस्यता कैंप लगाकर सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। बाद में मोहल्ले की सड़कों और गलियों में झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## 7 वर्षीया बालिका से दुष्कर्म में 20 साल की सजा

**संवाददाता, बस्ती, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) विनोद कुमार सप्तम ने बालिका से दुष्कर्म के गोरखपुर निवासी आरोपी प्रमोद को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाया। न्यायाधीश ने आरोपी पर एक लाख अर्थदंड लगाते हुए आदेश दिया कि इसे न अदा करने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। एडीजीसी वंदना चौधरी व अरुण कुमार ने न्यायाधीश को मामले से अवगत कराया। बताया कि शहर के भुवर निरंजन में किराए के मकान में रहने वाली अमेठी की महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 अक्तूबर 2018 को वह अपनी सहेली के साथ बाजार गई थीं। सहेली के कमरे पर ही उन्होंने अपनी सात वर्षीय बालिका को छोड़ा था। जहां उस समय गोरखपुर जिले के थाना हरपुर बुदहट के भिगही निवासी सहेली का भाई प्रमोद आया हुआ था। बाजार से वापस लौटने पर बालिका ने रोते हुए आपबीती बताया। बालिका को उस समय खून भी आ रहा था। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मामले में 9 गवाहों ने गवाही देकर घटना को साबित किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए आरोपी को सजा सुनाया। न्यायाधीश ने आदेश में कहा है कि अर्थदंड में मिलने वाली धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण को भी क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

**समस्या** सड़क पर वाहन खड़े होने से पूरे दिन जाम लगा रहता है जाम, सड़क की पटरियों पर दुकानदारों का कब्जा

# अतिक्रमण से कराह रहा संतकबीरनगर का गोलाबाजार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के प्रयासों के बावजूद जनपद मुख्यालय की सड़कों पर किए गए अतिक्रमण पर पुलिस व प्रशासनिक जोर निष्प्रभावी साबित हो रहे हैं।

अतिक्रमण का नजारा मोती चौराहे से लेकर बड़गों स्थित संयुक्त जिला अस्पताल तक दिखाई देता है लेकिन सबसे खराब हालत गोलाबाजार में बनी हुई है। यहां की दशा यह है कि सड़क की दोनों तरफ की पटरियों पर दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। इसके अलावा ठेले खोमचे वाले दुकानदार सड़क पर दुकान लगाने लगे हैं। दुकानों पर सामान खरीदने पहुंचने वाले ग्राहक अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। जिसके चलते जनपद मुख्यालय पर पूरे दिन जाम लगा रहता है और राहगीरों के लिए जाम से जूझना मजबूरी बन चुकी है। जिलाधिकारी के लाख प्रयासों के बावजूद नगरपालिका द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर कोई पहल शुरू तक नहीं की जा रही है।





सड़क पर लगे ठेले को हटवाती यातायात पुलिस। अमृत विचार

### फेल साबित हो रहे यातायात पुलिस के प्रयास

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यातायात प्रभारी परमहंस यादव अपनी टीम के साथ अतिक्रमण हटवाने को लेकर लगातार प्रयास में जुटे हैं। लेकिन उनका प्रयास मनबढ़ अतिक्रमण कारियों पर पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। कारण कि एक तरफ यातायात पुलिस ठेले खोमचे और सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाते हुए आगे बढ़ती है और उनके हटते ही अतिक्रमण करी सड़कों पर दुबारा काबिज हो जाते हैं। बुधवार को कुछ ऐसा ही नजारा जनपद मुख्यालय पर देखने को मिला। यातायात प्रभारी ने गोलाबाजार में सड़कों पर दुकान सजाकर खड़े ठेले वालों और वाहनों को हटवाते हुए सड़क पर लगे जाम को खाली कराया लेकिन उनके हटते ही हालत जस की तस नजर आने लगी।

> अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरपालिका ईओ को निर्देशित किया गया है। सभी अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी कर उनसे अतिक्रमण खुद हटाने का निर्देश दिया जाएगा। तय समय सीमा के भीतर उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगरपालिका और पुलिस बल के सहयोग से शीघ्र ही अतिक्रमण हटवाया जाएगा। **–शैलेश दूबे, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद**

# जाली नोटों के कारोबार में वांछित चल रहा मुस्तकीम पुलिस मुठभेड़ में घायल

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** थाना सेवरही, थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान व थाना साइबर की संयुक्त टीम बहद ग्राम बिनटोलिया आम के बगीचे के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार आते दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो फायर किया गया।

जवाबी फायरिंग में अभियुक्त मुस्तकिम निवासी भूलिया अगरवा थाना तरया सुजान, कुशीनगर घायल हो गया। दो दिन पूर्व तमकुहीराज थाना क्षेत्र में जो जाली नोटों का कारोबार से संबंधित गैंग पकड़ा गया था, उसी गैंग का शातिर सक्रिय सदस्य मुस्तकीम पशु तस्करी में भी संलिप्त रहा है। उल्लेखनीय है कि जाली नोटों के कारोबार करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस द्वारा 10 शातिर अभियुक्तों को जेल भेजा गया था। जिसमे अभियुक्त मुस्तकिम की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

### पुलिस के खुलासे पर उठे सवाल

पुलिस द्वारा जाली नोट कारोबार का भंडाफोड़ करने के बाद दो वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों को एसपी कार्यालय में परेड के समय का बताया गया है। उनके पैरों पर प्लास्टर लगा है और कराहते हुए आगे कभी गुनाह न करने की कसम ले रहे हैं। वहीं दूसरा वीडियो आरोपियों की पेशी के बाद जिला कारागार में जाते हुए समय का बताया गया है। जिसमें जाली नोट गैंग के सभी सदस्य अपने पैरों पर चल कर जाते दिख रहे। वीडियो वायरल होने के बाद कुशीनगर एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने एक वीडियो जारी करते हुए इन सभी खबरों को भ्रामक प्रचार बताते हुए आरोपियों के साथ इनके कनेक्शन होने की बात कही है। बता दें कि जाली नोट कारोबार के भंडाफोड़ के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने अपने सोशल मीडियो पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए सवाल खड़ा किया है। लिखा है कि कुशीनगर पुलिस ने जिन जाली नोटों के कथित आरोपियों को प्लास्टर लगा व्हील चेयर पर परेड कराई, वही आरोपी पेशी के बाद बिना प्लास्टर के खुद के पैरों पर पुलिस के साथ जा रहे हैं। वीडियो में यह स्पष्ट है।

# जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



• 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।

# ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

• एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



## ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शतरंज से भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा जिसमें शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर और तीसरे नंबर के खिलाउी कार्लोस अल्काराज भाग लेंगे।

### भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि एआईएफएफ ने अभी मैच के आयोजन स्थल पर कोई फैसला नहीं किया है और कहा कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। मलेशिया वर्तमान में फीफा (अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) रैंकिंग में 132वें जबकि भारत 126वें स्थान पर है। दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2023 में हुई थी जिसमें भारत को 2-4 से हार मिली थी।

### मकाऊ ओपन: श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

### जैस्मिन ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के साथ यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली। पिछले साल पेशेवर बनने वाली 19 साल की जैस्मिन ने सात बर्डी और एक बोगी से छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। जैस्मिन ने टूर पर कई बार की विजेता अनुभवी रिद्धिमा दिलावरी (69) पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। अनुभवी खिलाड़ी हिताषी बक्शी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद और टूर पर पिछली चार में से तीन प्रतियोगिता जीतने वाली विधात्री उर्स और गौरिका बिश्नोई तीनों एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### महिला टी-20 विश्व कप : 18 से कम उम्र वालों को मुफ्त प्रवेश

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।





कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे: हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

# धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

• उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

• स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है।सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।



### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।



# ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## चौटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

- जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है।



इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



- एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

## सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

**यरुशलम, एजेंसी**

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

**ढाका, एजेंसी**

- जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

## भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

**खगोल विज्ञान**

**डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी**

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।